www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–164 । सागर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

दंपति को गांव से भगा रहे दबंग — पृष्ठ 3
▸ ऑपरेशन सिंदूर : पक्ष-विपक्ष के बीच बुलंद होती निर्दलीय आवाज़
▸ रूसी तेल पर ट्रंप का नवीनतम कदम भारतीय आर्थिक स्थिरता के लिए ख़तरा — पृष्ठ 4
▸ मोटर साइकिल चालक फंसे, पार्षद से जेसीबी से हटवाई कीचड़ — पृष्ठ 6
शासकीय विभागों सहित निजी क्षेत्रों की संस्थाओं के साथ लोगों ने की व्यक्तिगत मदद — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 1988 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी एसबीके सिंह एक अगस्त से दिल्ली पुलिस कमिश्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे और अगले आदेश तक सेवा देंगे। श्री सिंह वर्तमान में दिल्ली होम गार्ड्स के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें अगले आदेश तक यह अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा गुरुवार को सेवानिवृत हो गए।

### अजित कुमार चतुर्वेदी बीएचयू के नए कुलपति नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्त किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग के गुरुवार को जारी निर्देश के अनुसार श्री चतुर्वेदी की नियुक्ति तीन वर्षों अथवा 70 वर्ष की आयु तक के लिए की गई है। उन्होंने 1986 में आईआईटी कानपुर से बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने यहीं से 1988 में एमटेक और 1995 में पीएचडी की डिग्री हासिल की। उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं।

### भारत, अरब अमीरात रणनीतिक साझेदारी को अधिक मज़बूत बनाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया। उन्होंने दोनों देशों के लोगों के साझा लाभ के लिए सहयोग का दायरा बढ़ाने पर ज़ोर दिया।

### 5 अगस्त तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है।

### नेपाल के 14 युवा सांसदों ने पटेल से की भेंट

**गांधीनगर, एजेंसी।** नेपाल की संसद के 14 युवा सांसदों और आठ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। नेपाल के द फ्री यूथ डेमोक्रेटिक ऑर्गेनाइजेशन के नेतृत्व में ये युवा सांसद और आठ राजनीतिक दलों के नेता एक सप्ताह के गुजरात दौरे पर आये हैं। इस दौरे के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, द्वारका, सोमनाथ और अमूल डेयरी-आणंद का दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल ने अपने गुजरात दौरे की शुरुआत पटेल के साथ गांधीनगर में शिष्टाचार भेंट से की।

### पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में दो अज्ञात हमलावरों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता पिंटू चक्रवर्ती उर्फ पिंटू की बेरहमी से हत्या कर दी है। पुलिस ने इसकी पुष्टि की। पार्टी सूत्रों के अनुसार चक्रवर्ती एक व्यवसायी और कोन्नगर में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली कनाईपुर पंचायत समिति के सदस्य थे। चक्रवती पर मंगलवार को बाजार में धारदार हथियारों से हमला किया गया। वह अपनी गैस एजेंसी की दुकान बंद करके पार्टी की एक बैठक में शामिल होने जा रहे थे। चक्रवती को पास के एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहाँ गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। चक्रवती की हत्या के साथ इस महीने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सत्तारूढ़ दल के कुल छह नेताओं की हत्या हो चुकी है। पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है और कहा है कि अपराधियों की पहचान और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों पर राज्यसभा तीन बार हुई स्थगित

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा के लिए अड़ा विपक्ष

### छत्तीसगढ़ में 2 नन की गिरफ्तारी का मुद्दा भी उठाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर गुरुवार को राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया जिसके कारण तीन बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। तीसरे स्थगन के बाद जब सदन साढ़े चार बजे पुन: समवेत हुआ तो उप सभापति हरिवंश ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाये गए आयात शुल्क और रूस से हथियार तथा तेल खरीदने पर लगाए गए



दंडात्मक शुल्क के संबंध में वक्तव्य देने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का नाम पुकारा। श्री गोयल के खड़े होते ही विपक्ष के सदस्य अपनी जगहों से उठकर आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। केन्द्रीय मंत्री ने हंगामे के बीच ही अपना वक्तव्य सदन में रखा। उनका वक्तव्य समाप्त होने के बाद भी विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते रहे जिसे देखते हुए उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह विपक्षी दलों ने ओड़िशा में महिलाओं के खिलाफ बढती अपराध की घटनाओं , बंगाली आव्रजक श्रमिकों के साथ दूसरे राज्यों में भेदभाव , छत्तीसगढ़ में दो नन की गिरफ्तारी और अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये गए शुल्क तथा जुर्माने के मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर नियम 267 के अंतर्गत कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस दिये थे। उप सभापति ने इन्हें नियमों के विरूद्ध बताते हुए स्वीकार नहीं किया था।

### लोकसभा में भी एसआईआर पर चर्चा की मांग

बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों ने गुरुवार को लोक सभा में जोरदार हंगामा किया जिसके कारण कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक और दूसरी बार चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य इसी मांग को लेकर हंगामा करने लगे, जिसके कारण सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने किया फैसला

# मप्र को मिली एक और नई रेल लाइन



- इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मिली मंज़ूरी
- रेलवे की 4 परियोजनाएं स्वीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपए की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसके तहत महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों में 574 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जाएगी।

प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने महाराष्ट्र में इटारसी-नागपुर मार्ग पर चौथी लाइन के निर्माण, संभाजीनगर (औरंगाबाद)-परभणी रेललाइन के दोहरीकरण, बिहार में अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण तथा झारखंड में डांगोआपोसी से ओडिशा में जारोली के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्तावों को मंजूरी दी। ये परियोजनाएं इन राज्यों के 13 जिलों में फैली हैं।

### रेल लाइन की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार माना

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंज़ूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री का आभार माना है। इस मंज़ूरी से मध्यप्रदेश को विशेष लाभ होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंज़ूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंज़ूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से हर साल 5.3 करोड़ लीटर डीजल की बचत के साथ ही 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी।

विधानसभा के मानसून सत्र का चौथा दिन

# विपक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर किया हंगामा, सरकार बोली- आपराधों के खिलाफ हो रही कठोर कार्रवाई



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे विपक्ष कांग्रेस विधायकों ने कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विधायक ड्रग्स के प्रतीकात्मक इंजेक्शन और पुडियां लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि एमडी ड्रग्स का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि बढ़ते एमडी ड्रग्स कारोबार ने युवाओं को गर्त में धकेल दिया है। सरकार छोटी मछलियों को पकड़ रही है, मगरमच्छों को कब पकड़ेगी? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की संलिप्तता के कारण मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। बाद में ध्यानाकर्षण के जरिए भी विपक्ष ने कानून व्यवस्था के मुद्दे को सदन में उठाया।

विपक्ष के आरोप पर राज्य मंत्री शिवाजी पटेल ने जवाब देते हुए विपक्ष के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

भाजपा विधायक बोले-

### वन विभाग राजस्व भूमि पर कर रहा कब्जा

सदन में पन्ना जिले में वन विभाग और राजस्व विभाग की भूमि सीमाओं को लेकर चल रहे विवाद का मामला उठा। भाजपा विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने ध्यानआकर्षण में पन्ना जिले में राजस्व एवं वन विभाग की सीमाओं का निराकरण न होने से उत्पन्न स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वन और राजस्व विभाग की सीमाओं का आज तक स्पष्ट निराकरण नहीं हुआ है।

### नहीं हटाया जाएगा एक भी आदिवासी : वर्मा

सदन में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जहां भी ऐसी समस्याएं आती हैं, वहां दोनों विभागों के अधिकारी मिलकर सर्वे कर समाधान करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक भी आदिवासी को नहीं हटाया जाएगा। वहीं, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी मांग पर अडिग रहे और वन व्यवस्थापन अधिकारी की नियुक्ति की मांग दोहराई।

### विधायक मसूद ने मेट्रो को लेकर मांगी जानकारी

विधायक आरिफ मसूद ने सदन में मेट्रो को लेकर झूठी जानकारी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सॉइल टेस्टिंग के नाम पर पूरा शहर खोदा गया है। दो चरण के काम शुरू किए पर एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने मेट्रो से संबंधित निर्माण कार्यों की जानकारी मांगी। इसके जवाब में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत ओरेंज लाइन की प्रारंभ में कुल लागत रु. 4406.57 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में परियोजना के लागत राशि में वृद्धि का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के लिए कुल 3.2 हेक्टेयर निजी भूमि के अधिग्रहण हेतु प्रस्ताव, जिला प्रशासन को भेजा गया है।

### केंद्रीय मंत्री रहते मैंने डीपीआर के लिए 15 करोड़ दिए : कमलनाथ

कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मेट्रो का इतिहास बताते हुए कहा कि जब मैं केंद्र में मंत्री था तब राज्य में बाबूलाल गौर की सरकार हुआ करती थी। उस समय मेट्रो की डीपीआर के लिए सरकार के पास पैसा नहीं था तब मैंने 15 करोड़ रुपये मेट्रो की डीपीआर के लिए केंद्र से भेजे थे।

प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

# मप्र में निवेश बढ़ाने के प्रयासों की दी जानकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात कर प्रदेश की विकास यात्रा और निवेश बढ़ाने के लिए किए जा रहे निरन्तर प्रयासों, इनवेस्टर्स मीट, कॉन्क्लेव्स तथा अन्य कोशिशों की जानकारी दी। दिल्ली प्रवास के दौरान डॉ. यादव ने गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की।

### राज्य सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को संसद हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।

दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा से कराया अवगत- प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से विकसित भारत @ 2047 के विजन में मध्यप्रदेश भी अपना पूरा योगदान देगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से भी भेंट की।

# ओडिशा में जंगली हाथी ने 3 लोगों को रौंदा



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले के जंगल से सटे बाघधरिया गांव में गुरुवार तड़के एक जंगली हाथी ने जबर्दस्त उत्पाद मचाया जिसमें एक महिला समेत तीन लोगों को रौंद दिया।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना के बाद हाथियों के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब पांच हो गयी है। इस बीच घटना में स्थानीय निवासियों की दुखद मौत के बाद क्षेत्र में लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और लोगों ने सतमाइल चौक के पास सड़क जाम कर दिया जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। स्थिति तनावपूर्ण होते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक ढेंकनाल वन प्रभाग के अंतर्गत हिंडोल वन क्षेत्र में एक उत्पाती हाथी ने तीन स्थानीय निवासियों को रौंद कर मार डाला। पीड़ित पास के जंगल में लघु वनोपज इकट्ठा करने गए थे। उत्पाती नर हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर हवा में उछाल दिया जिससे पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और अधिक खून बहने के कारण तीनों की मौत हो गयी।

मालेगांव बम बिस्फोट मामला : 17 साल बाद सुनाया फैसला

# प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी



- विशेष अदालत ने कहा- आरोपियों के खिलाफ सबूत नहीं
- घटनास्थल से फिंगरप्रिंट नहीं लिए गए
- 2008 में मालेगांव में विस्फोट हुआ था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में 17 साल के लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने फैसला सुनाया। सबूत के अभाव में कोर्ट ने सभी सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एटीएस और एनआईए की चार्जशीट में काफी अंतर है। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि बम मोटरसाइकिल में था। प्रसाद पुरोहित के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला कि उन्होंने बम बनाया या उसे सप्लाई किया। यह भी साबित नहीं हुआ कि बम किसने लगाया। घटना के बाद विशेषज्ञों ने सबूत इकट्ठा नहीं किए, जिससे सबूतों में गड़बड़ी हुई।

कोर्ट ने यह भी कहा कि धमाके के बाद पंचनामा ठीक से नहीं किया गया, घटनास्थल से फिंगरप्रिंट नहीं लिए गए और बाइक का चेसिस नंबर कभी रिकवर नहीं हुआ। साथ ही, वह बाइक साध्वी प्रज्ञा के नाम से थी, यह भी सिद्ध नहीं हो पाया। इस मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से सुनवाई और अंतिम दलीलें पूरी करने के बाद 19 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रखा गया था। इस मामले में सात लोग, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल हैं, जिन पर मुकदमा चल रहा है। इन सभी लोगों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। सभी आरोपी वर्तमान में जमानत पर रिहा हैं। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के पवित्र महीने में और नवरात्रि से ठीक पहले एक विस्फोट हुआ। इस धमाके में छह लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक दशक तक चले मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की, जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। शुरुआत में, इस मामले की जांच महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने की थी। हालांकि, 2011 में एनआईए को जांच सौंप दी गई।

तेलंगाना में विधायकों की अयोग्यता का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने 3 महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया

### लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है दलबदल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलंगाना में बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया है। इन 10 बीआरएस विधायकों ने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी, लेकिन तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष ने इनकी अयोग्यता पर लंबे समय तक कोई फैसला नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह 10 बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में फैसला लें।

सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह दलील दी गई कि अनुच्छेद 136 और 226 व 227 के तहत स्पीकर के निर्णयों पर न्यायिक समीक्षा की सीमाएं



बहुत संकीर्ण हैं। यह भी कहा गया कि चूंकि यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट की एक बड़ी पीठ के समक्ष लंबित है, इसलिए मौजूदा सुनवाई नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इन दलीलों का उल्लेख किया।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द किया और निर्देश दिया कि कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही 'यथाशीघ्र और तीन महीने के भीतर' तय की जाए। बीआरएस नेता केटी रामाराव, पाडी कौशिक रेड्डी और केपी विवेकानंद ने ये याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

इस बीच, 'दल-बदल' पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद में दिए गए कई नेताओं के भाषणों का हवाला दिया। कोर्ट ने राजेश पायलट और देवेंद्रनाथ मुंशी जैसे सांसदों के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि विधायक या सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में समय बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझे।

## सार-समाचार

### मोक्ष सप्तमी पर भगवान पार्श्वनाथ को चढ़ाया निर्वाण लाडू



**शाहगढ़, देशबन्धु।** जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस श्रावण शुक्ला सप्तमी को मोक्ष सप्तमी के रूप में गुरुवार को सभी जिनालयों में मनाया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान को नैवेद्य रूप में लाडू चढ़ाया। विश्व कल्याण के लिये प्रार्थना की गई। नगर के स्थित पंचायती, त्रिमूर्ति जिनालय सिंघई मंदिर, बिलेया मंदिर, शांति बिहार कालोनी मंदिर, सीमांधर जिनालय, सादपुर जिनालय, देवनंदी कालोनी जिनालय, दलीपुर और अदावन, बगरोही के जैन मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम भगवान का पांडुक शिला पर अभिषेक एवं शांति धारा कर भगवान की विधि विधान पूर्वक अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना की। पूजन कर निर्वाण कांड का पाठ किया गया। इसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। नगर के संत भवन में विराजमान मुनि श्री समत्व सागर और मुनि श्री शील सागर के सानिध्य में बड़ा मंदिर परिसर स्थित जिनालय में निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मुनि श्री ने धर्मसभा में कहा कि आज का दिन कल्याणकारी है। विश्व कल्याण के साथ आज का दिन अत्यंत कल्याणकारी है। भगवान पारसनाथ के संदेश हमें सत्य पर अड़िग रहकर लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग प्रशस्ति की शिक्षा देते हैं। दलीपुर के भगवान पारसनाथ मंदिर के निर्वाण कल्याणक महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मुकुट सप्तमी पर लाडू बनाओ व सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्र.10 के द्वारा श्री पारसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण दिवस अर्थात मुकुट सप्तमी पर निर्माण लाडू बनाओ व सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन श्री ऋषभनाथ देवस्थान मंदिर क्षमा सागर परिसर में किया गया। इसके पूर्व प्रतिदिन की भांति सुबह से ही मंदिर में जैन मिलन के सदस्यों एवं समाज जनों ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन देवस्थान परिसर में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं पार्श्वनाथ विधान किया। प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा करने का सौभाग्य सौंधर्म इन्द्र रितेश जैन, ईशानेंद्र अरुण जैन घुवारा, माहेंद्र इन्द्र सुरेश जैन बीज निगम एवं सानत इंद्र वीर अरविंद जैन गढ़ाकोटा को बनकर प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल के अनुसार निर्माण लाडू बनाओ व सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम रानी सचिन जैन, द्वितीय आकांक्षा जैन, तृतीय रजनी जैन एवं सांत्वना पुरस्कार सुनीता राधेलिया एवं अर्चना घी वालों को नगद राशि के रूप में दिये गये। कार्यक्रम का संचालन पं. हीरालाल जैन मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महेंद्र जैन, वीरेंद्र प्रधान, महेश जैन, मनीष जैन, संदीप जैन, प्रदीप जैन, नीतेश जैन, सुमत जैन, रविंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन, वीर एवं वीरांगनायें उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह व युवा प्रेरणा संवाद कार्यक्रम का आयोजित



**देवरीकलां, देशबन्धु।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी मे सांस्कृतिक, साहित्यिक और प्रेरणादायक गतिविधियों से भरपूर 152 वां पवित्र एवं ऊर्जावान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर दोपहर में विद्यार्थियों के लिये युवा प्रेरणा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाकवि तुलसीदास जयंती, हिंदी साहित्य के महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि और भारतीय सिनेमा के अमर पार्श्वगायक मोहम्मद रफी की स्मृति को समर्पित प्रेरक सत्र हुये। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भक्ति कालीन साहित्य, सामाजिक यथार्थ पर आधारित कहानियों एवं भावनाओं से जुड़ी संगीत परंपरा से जोड़ना रहा। रफी साहब की आवाज में समाहित लोकगीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी काशीराम की सेवानिवृत्ति पर भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश दुबे ने की। कार्यक्रम संयोजन प्रो. संतोष मिश्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर डॉ. जीआर चौहान ने किया। कोऑर्डिनेशन में डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. आशीष जैन, डॉ. मनीष पांडे, डॉ. अनामिका पाठक, डॉ. ज्योति तिवारी, डॉ. अर्चना खरवार, डॉ. वंदना साहू आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. दुबे ने काशीराम को सांकेतिक उपहार व ट्रेजरी भुगतान पत्रक प्रदान कर पुष्पों के साथ विदाई दी और उनके स्वस्थ एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रो. संतोष मिश्रा एवं डॉ. मनीष पांडे ने आभार प्रकट किया।

# भृत्य द्वारा जिला अधिकारी से गुहार लगाने के बाद गठित हुआ जांच दल

## महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय मालथौन का मामला



**मालथौन, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय मालथौन के भृत्य पर विभाग की पर्यवेक्षकों ने लिखित शिकायत कर गोपनीय दस्तावेजों को छुपाने के आरोप लगाये थे जिस पर परियोजना अधिकारी ने आनन फानन में कार्यवाही करते हुये तहसीलदार, सीएमओ और जनपद पंचायत का स्टॉप बुलाकर कार्यालय में रखें कंप्यूटर को निजी बताकर और भृत्य के मोबाइल को जप्त कर पुलिस थाने भेज दिया था। साथ ही विभाग की उन्हीं पर्यवेक्षकों को परियोजना अधिकारी ने जांच करने आदेशित किया था, जिन्होंने ही शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर बुधवार को भृत्य अनिल पटेल ने जिला कार्यालय में पत्र लिखकर जांच की मांग की थी जिला स्तर से बनाने और निष्पक्ष जांच की मांग की थी। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने एक जांच दल गठित किया था। जिसमें विजय कुमार जैन, अरुण कुमार सिंह, छाया नागर सभी परियोजना अधिकारी को शामिल किया गया था। उक्त जांच दल ने गुरुवार को परियोजना कार्यालय पहुंचकर शिकायत कर्ताओं के बयान दर्ज किए हैं। विजय कुमार जैन ने बताया कि शिकायत पर अभी प्रारंभिक जांच चल रही है, तीन दिन में जांच पूरी हो जायेगी। जांच के बाद प्रतिवेदन जिला कार्यालय में भेजेंगे जो भी जांच में निष्कर्ष होगा जल्दी हो सामने आ जायेगा।

### परियोजना अधिकारी के पति, सीईओ और देवर पर भृत्य ने लगाए गंभीर आरोप

जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये पत्र में भृत्य अनिल पटेल ने उल्लेख किया है कि परियोजना अधिकारी संयोगिता राजपूत के पति जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं जो अपने पद का दुरुपयोग कर जप्त उपकरणों से डाटा का हस्तांतरण करा सकते हैं साथ ही परियोजना अधिकारी के देवर पर भी आरोप लगाया कि जब उपकरणों को कार्यालय में सील किया जा रहा था तब वह वही मौजूद था और कंप्यूटर के आस पास था तो हो सकता है उसने कुछ डाटा भेज दिया हो। जो कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता हैं। लिहाजा पूरे मामले में अनिल पटेल ने उसके खिलाफ षडयंत्र रचकर फंसाने की बात कही हैं।

### शिकायती पत्र दिखाने परहेज कर रहीं परियोजना अधिकारी

मंगलवार को भृत्य के खिलाफ लिखित शिकायत हुई थी, परियोजना अधिकारी संयोगिता राजपूत का कहना है लेकिन पत्र में कौन से गोपनीय दस्तावेजों का जिक्र है ये नहीं बता रही है इसके जवाब में महिलाओं की गोपनीयता भंग ना हो इसका हवाला देकर कन्नी काट रही है। ना ही शिकायत पत्र दिखा रही है। इस तरह से परियोजना अधिकारी सहित कार्यालय का स्टॉप खुद सवालों के घेरे में हैं।

## विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर बीना रेलवे जंक्शन के वीआईपी रूम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य मानव दुर्व्यापार जैसे गंभीर अपराध के प्रति जनसामान्य, रेलवे सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक तंत्र को जागरूक करना तथा इस सामाजिक चुनौती के समाधान हेतु सामूहिक रणनीति विकसित करना था। आयोजन आवाज जनकल्याण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी विजय सिंह डेहरिया, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नीतेश पटेल, रेलवे स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा एवं आरपीएफ थाना प्रभारी मीणा उपस्थित रहे। आवाज संस्था की जिला समन्वयक मालती पटेल ने दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि साझा करते हुये बताया कि यह दिवस वर्ष 2013 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया गया और तब से हर वर्ष 30 जुलाई को मानव दुर्व्यापार के विरोध में यह मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य बालश्रम, बाल दुर्व्यापार, यौन शोषण और जबरन श्रम जैसे मामलों से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों की पहचान, संरक्षण और पुनर्वास को सुनिश्चित करना है। आवाज संस्था ने बीते वर्ष में कई बच्चों को दुर्व्यापार, बाल श्रम और बाल विवाह की स्थिति से रेस्क्यू कर सुरक्षित वातावरण में पुनर्स्थापित किया है। एसडीएम डेहरिया ने कहा कि विकासखंड स्तर पर बाल पुनर्वास की सशक्त व्यवस्थायें बनाना समय की मांग है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु समर्पित दृष्टिकोण अपनायें और हर स्तर पर संवेदनशील रहकर कार्य करें। एसडीओपी नीतीश पटेल ने सुझाव दिया कि मानव दुर्व्यापार की रोकथाम हेतु संभावित प्रकरणों की पहचान कर उनके निरंतर फॉलोअप और हर थाना स्तर पर बच्चों के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग की आवश्यकता है। आरपीएफ थाना प्रभारी कमल सिंह मीणा ने कार्य के दौरान सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को साझा किया और कहा कि सभी संबंधित संस्थाओं में समन्वय की अधिक आवश्यकता है। स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा ने सुझाव दिया कि मानव दुर्व्यापार रेस्क्यू से जुड़ी टीमों को विभागीय पहचान.पत्र आई डी कार्ड जारी किया जाये, ताकि रेलवे परिसर में कार्य करना आसान हो सके। इसपर उपस्थित अधिकारियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा मानव दुर्व्यापार के विरुद्ध एकजुट होकर शपथ लेने और समुदाय को जागरूक करने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों ने समूह सेल्फी ली। अंत में आवाज संस्था की जिला समन्वयक मालती पटेल ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मानव दुर्व्यापार के विरुद्ध लड़ाई केवल संस्थागत दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी है।

### न्यायालय परिसर से सजा सुनते ही भागा युवक

**सागर, देबशन्धु।** बंडा न्यायालय में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाये गये आरोपी जितेंद्र यादव सजा सुनते ही कोर्ट से फरार हो गया। यह घटना सोमवार 29 जुलाई शाम करीब 4 बजे की है। कोर्ट स्टाफ और अधिवक्ताओं ने पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने में सफल रहा। बंडा पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ग्राम सेमरा रामचंद निवासी जितेंद्र पिता हाकम यादव को धारा 354, 452 और पॉक्सो एक्ट के तहत कोर्ट ने दोषी ठहराया था। फैसला सुनाने के दौरान वह न्यायिक अभिरक्षा में कोर्ट के कठघरे में खड़ा था। तभी उसने मौके का फायदा उठाया और कोर्ट मुंशी को धक्का देकर भाग गया। कोर्ट में मौजूद स्टाफ और कुछ अधिवक्ताओं ने उसे रोकने की कोशिश की। कोर्ट परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, लेकिन जितेंद्र वहां से भाग निकलने में सफल रहा। घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। बंडा न्यायालय में पदस्थ रीडर सरमन सिंह ने थाने में घटना की शिकायत दी। जिसके आधार पर बंडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। न्यायालय परिसर से दोषी का इस तरह भाग जाना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। घटना ने कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

### निरीक्षण के बाद सीएमओ ने कहा पीएम आवास निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर परिषद मालथौन क्षेत्र के समस्त 15 वार्डो में निर्माणाधीन अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर सीएमओ ने निरीक्षण कर हितग्राहियों को निर्देश दिये कि शीघ्र निर्माण कार्य को पूर्ण करें अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। नगर के वार्डो में नगर पालिका अधिकारी प्रभुशंकर खरे एवं उपयंत्री अभय राजगीर सहित अमले के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से चर्चाकर उनसे आवास निर्माण कार्य को जल्दी पूर्ण करने का अनुरोध किया। जिन हितग्राहियों ने आवास की प्रथम किस्त की राशि प्राप्त हो जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है वह शीघ्र कार्य को प्रारंभ करें जिससे असुविधा से बचे। साथ मे सीएमओ ने सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

## गैस किट से संचालित मारूति वेनो पर कार्रवाई



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र में गैस किट से संचालित वाहन एवं अन्य वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही की। चैकिंग के दौरान 9 स्कूली वाहनों को चैक किया, जिनमें से 03 मारूति वेन क्रमांक एमपी 04 सीए 1549, एमपी 09 बीए 6384, एमपी 20 बीए 3181 गैसकिट से संचालित पायी गयी, जिन्हें जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। उक्त तीनों वाहनों की गैस तत्काल निलवाई गई एवं लगातार चैकिंग के बाद भी कुछ वाहनस्वामियों द्वारा गैस किट लगाकर स्कूलों में वाहन संचालित किये जा रहे है, जो बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है एवं सुरक्षा मानकों के विपरीत है, उन्होंने स्कूल संचालक, अभिभावकों से अनुरोध किया है कि बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये गैस किट एवं ओव्हरलोड संचालित वाहनों में अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। साथ ही 25 जुलाई को जिले के बीना ग्राम देहरी में स्कूल वाहन चालक की लापरवाही से स्कूली बच्चो से भरी बस को पानी के तेज बहाव के बीच पुलिया पर से निकाली जा रही थी। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही वाहनचालक को तत्काल नोटिस जारी कर उनको जारी लायसेंस मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 19(क) के तहत् निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त स्कूल बस संचालकों को हिदायत दी गयी कि वह स्कूल बसों का संचालन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत् समस्त बिन्दुओं का पालन करें, तथा वाहन में स्पीड गर्वनर, वाहन की कंडीशन, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, मोटरयानकर भुगतान प्रमाण, फस्टेड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक का हैबी लायसेंस एवं निर्धारित गणवेश में वाहन का संचालन करे एवं स्कूली वाहन में बैठक क्षमता अनुसार ही छात्र छात्राओं को बैठायें। यदि चैकिंग के दौरान उक्त कमियों के वाहन संचालित होते हुये पाये गये तो कार्यवाही की जावेगी।

### कावड़ यात्रा में आज 7 सौ कावड़ यात्री बरमान के लिए प्रस्थान करेंगे

**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फॉउंडेशन की 7 वें वर्ष की कावड़ यात्रा आज प्रात: 10.30 बजे श्रीराम बाग मंदिर बड़ा बाजार से प्रस्थान करेंगी। इस संबंध में कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह एवं तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने बताया कि सुबह 10 बजे रामबाग मंदिर से यात्रा को महंत धनश्याम दास, महंत विपिन बिहारी, महंत केशवगिरी, महंत नरहरिदास वैदिक मंत्रोच्चारन के साथ कावड़ यात्रियों को तिलक माला और पुष्प वर्षा कर रामबाग मंदिर से वंदावन बाग के लिये प्रस्थान करेंगे प्रस्थान करेंगे। कावड़ यात्री पैदल चलकर बड़ा बाजार, कोतवाली, परकोटा होते हुये बस स्टैंड स्थित वृंदावन बाग मंदिर पहुंचेगे। वहां खुशबू ट्रेवल्स की बसों से कावड़ यात्री प्रस्थान करेंगे।

## लायंस क्लब का सागर डायमंड का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** सत्र 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में संपन्न हुआ। ला. संध्या सिंघई द्वारा ध्वज वंदना राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का मंगलाचरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शपथ समारोह के संस्थापन अधिकारी डिस्ट्रिक 3233 जी2 के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम एमजेएफ लायन महेश मालवीय द्वारा कर्तव्य और निष्ठा की शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष जिनेंद्र सिंघई द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष ला. संजय जैन को पदभार सौंपा। सचिव अनिल दिवाकर, कोषाध्यक्ष आकाश जैन सहित अन्य पदाधिकारियो को भी अपने कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। ला. भव्यता जैन के द्वारा गवर्नर के लायनवाद 20 वर्षों के सफर का परिचय दिया गया। अपने उद्बोधन में ला. मालवीय ने कहा कि लायंस क्लब लायंस क्लब ऑफ सागर डायमंड डिस्ट्रिक का श्रेष्ठ क्लब है आपके द्वारा की गई गतिविधियां सचमुच सेवा के रूप में देखी जाती है जब तक हम हैं केवल एक ही उद्देश्य है सेवा उन्होंने बताया कि विश्व में 14 लाख से अधिक लायन सदस्य है जो इस वर्ष 15 लाख लायन सदस्य करने का लक्ष्य है आप सागर के दोनों क्लब इसमें हमें सहयोग करें। नव अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि इस बार हम क्लब में सदस्य संख्या वृद्धि के लिए अग्रसर है और मानव सेवा के साथ-साथ जीव दया के क्षेत्र में भी सेवा हमारी प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में डॉ. स्वप्निल सिंघई स्वास्थ्य की दृष्टि से दांतों पर परिचर्चा के माध्यम से बात रखी कि कैसे हम अपने दातों को धूम्रपान मुक्त कर कैंसर जैसी घातक बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। कार्यक्रम में क्लब की महिला शक्ति के द्वारा भी महिलाओं के देश में नेतृत्व क्षमता के रूप में सागर की बेटी ने उदाहरण प्रस्तुत किया।

देश की गौरव सागर की शान आयुषी अग्रवाल जिन्होंने जापान में आयोजित पावर लिफ्टिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 425 किलोग्राम वजन में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया को स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक के पूर्व गवर्नर ला. देवेंद्र सैनी अपने होम क्लब लायंस क्लब मेन के सभी पदाधिकारी सदस्यों के साथ उपस्थित होकर मालवीय जी का अभिनंदन किया। समाज सेवा के क्षेत्र में अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, मातृशक्ति उपस्थित थी।

### वनपाल के 32 साल की सेवाकाल के बाद समारोह पूर्वक विदाई दी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** वन विभाग कार्यालय में गुरूवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वनपाल पद से सेवानिवृत्त हुये दशरथ रॉय के 32 साल के कार्य की सराहना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार जीसी राय, सीएमओ विनय मिश्रा सहित वन क्षेत्र के रेंजर जीपी साख्य ने कहा कि जीवन का सत्य है सेवानिवृत्त होना जो व्यक्ति किसी भी संस्थान में नौकरी करता है वह एक दिन अपनी सेवा से निवृत्त होता है। परिजनों सहित उपस्थित कर्मचारियों सभी ने सेवानिवृत्त वनपाल को सहभागियों ने उपहार देकर विदाई दी। मौके पर डिप्टी रेंजर शैलेंद्र तिवारी, सरदमन द्विवेदी, नारायण पलिया, राजू खान सहित शाहगढ़ थाने के पुलिस बल ने अपनी उपस्थिति देकर वनपाल के दीर्घायु और नये जीवन के शुरुआत करने की शुभकामनायें दीं।

### आबकारी टीम ने दबिश देकर जब्त की अवैध शराब



**सागर, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे एवं मंडल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में वृत्त बण्डा क्षेत्र अंतर्गत क्रमशः तिगोड़ा हीरापुर रोड चौकी हीरापुर, नहर के पास ग्राम अमरमऊ, शाहगढ वार्ड क्र. 15 कुचबन्दिया बस्ती पर आकस्मिक दबिश देकर 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, जिसमें 40 ली. हाथभट्टी कच्ची मदिरा एवं लगभग 3250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। तत्पश्चात ग्राम अदावन थाना बरायठा क्षेत्र अंतर्गत आकस्मिक दबिश देकर 1 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जिसमें 10 पाव सन्नी व्हिस्की, 20 पाव जिप्सी जिन एवं 3 कैन हंटर बीयर बरामद कर कब्जा लिया गया, जप्तशुदा मदिरा की कुल कीमत लगभग 3,37,080 रुपये है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त प्रभारी रोशनी उरेती, मंजुषा सोनी, मृत्युंजय ठाकुर, सियाराम चौधरी, शैलेन्द्र सिंह मर्को, एस पी साकेत, प्रमोद दुबे, संगीता गुर्जर, विजया खरे आदि सम्मिलित रहे।

### शासकीय सांदीपनि विद्यालय में मनाई गई तुलसीदास जयंती



**बण्डा, देशबन्धु।** श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की तिथि सप्तमी गुरुवार 31 जुलाई को शास. सांदीपनि उच्च. माध्य. विद्यालय में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. वंदना तिवारी एवं प्रधानाध्यापक संजय सेन सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, गुरु वंदना के साथ-साथ तुलसीदास के विभिन्न दोहा चौपाइयों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों प्रमुख रूप से रंजीत गौर, ओमनारायण पांडे, विठ्ठल भाई अहिरवार, रश्मि राय, निर्मला आठ्या, लक्ष्मी रैकवार, रानू तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अपने-अपने व्याख्यान व संभाषण के माध्यम से महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा रचित महाकाव्य रामचरितमानस को नैतिक कर्तव्य परायण एवं सामाजिक समरसता का अखंड महापुराण बतलाते हुये उपस्थित विद्यार्थियो को महाकाव्य में वर्णित नैतिक मूल्य एवं उच्च आदर्शों का अनुसरण करते हुये आपसी सोहार्द एवं भाईचारे के साथ रहने की शिक्षा दी। मंच संचालन सुनील प्रजापति एवं आभार व्यक्त शेर सिंह लोधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा अन्य सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### बच्चों को कचरा प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में सीएमओ ने बताया



**खुरई, देशबन्धु।** मप्र शासन द्वारा संपूर्ण मप्र में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान अंर्तगत मुख्य नपा अधिकारी राजेश मेहतेले के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र खुरई में भी अनेकों जनजागरुकता के कार्यक्रम किये जा रहे हैं, साथ ही डायरिया हैजा से बचाव एवं रोकथाम को लेकर भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं, जिनमें जनजागरुकता भी शामिल है, आज इन्ही विषयों को लेकर नपा क्षेत्र के शिक्षा संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नगर पालिका की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का भ्रमण कर कचरा प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया को समझा जाना, शिक्षकों के साथ आये स्कूली बच्चों ने सीएमओ राजेश मेहतेले से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएमओ ने कचरा संग्रहण, कचरा प्रथकीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, रिड्यूस, रिसायकल, रियूज के बारे में बताया साथ ही इकाईयों के संचालन, नगर की सफाई व्यवस्था, नियमित सफाई व्यवस्था, जनजागरुकता कार्यक्रमों, उपलब्धियों, सफलताओं और संपूर्ण नगरीय क्षेत्र के कचरा एकत्रीकरण के पहलुओं पर छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। दस्तक अभियान के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों और उपलब्धियों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। सीएमओ ने बच्चों को स्वच्छता के व्यापक प्रचार एवं सफाई अपनाने के लिये बच्चों को प्रेरित किया। बच्चों को संकल्प दिलाया कि वह स्वयं तो सफाई अपनाएंगे ही साथ अपने आसपास भी स्वच्छता को बढ़ावा देंगे अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

## सार समाचार

### स्कूल के बाहर हाईटेंशन लाइन से बढ़ा खतरा

**महाराजपुर, देशबन्धु।** सिंहपुर गांव में शासकीय माध्यमिक शाला के बाहर लगा एक बिजली का खंभा स्कूल के बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए भी खतरा बना है। दरअसल बिजली के खंभे के ऊपर एक विशालकाय पेड़ लगा है, इस पेड़ के नीचे स्कूल के बच्चे खेलते रहते हैं और गांव के लोग भी पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर छांव में बैठकर समय गुजारते हैं। इस पेड़ की टहनियों से हाईटेंशन लाइन के तार टकराने से लोगों को बड़ी अनहोंनी की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है यदि बिजली कंपनी ने समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो ये लापरवाही किसी भी दिन अनहोनी की वजह बन सकती है।

### पुराने कुए को नया बताकर राशि हड़पने का आरोप

**बमीठा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत ललपुर में सरपंच और सचिव पर एक पुराने कुए की मरम्मत कराके इसे नया बताकर नए कूप खनन के नाम पर मंजूर राशि हड़पने का आरोप लगाकर जांच व कार्यवाही की मांग की गई है। बताया गया है खसरा नंबर 1861 रकवा 0.271 हेक्टेयर भूमि में नए कुए की खुदाई का एक प्रस्ताव पास हुआ था। सरपंच और सचिव ने खातेदार गोकुल प्रसाद के स्वामित्व की भूमि खसरा न 1860 रकबा 0.271 हेक्टेयर में बने एक पुराने कुए की थोड़ी सी मरम्मत कराई और उसे ही नया कूप बताकर राशि निकाल ली है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की गई है। पटवारी के अनुसार अभिलेख में जिस कुए की खुदाई के लिए राशि निकली गई है, वह कुआ पहले से ही खातेदार के स्वामित्व की भूमि में खुदा है, जो भूमि नक्शा में भी चिन्हित है।

### बिजली कंपनी की शिकायत करने पर उपभोक्ता को धमकाया

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** पिछले दिनों यहां हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में एक किसान को बढ़े बिजली बिल की शिकायत कलेक्टर से करना भारी पड़ गया, अब बिजली कंपनी के अधिकारी उपभोक्ता को तरह-तरह से परेशान करके धमका रहे हैं।

पीड़ित किसान के पुत्र रज्जू शुक्ला ने बताया कि वह ग्राम कितपुरा में बिजली कनेक्शन लिए है। अभी तक मीटर केवल 1647 यूनिट ही चला है, मगर उसे 3223 यूनिट का बिल थमाया गया है। जबकि उसके घर में कोई भी ऐसे उपकरण नहीं हैं जिससे उसका इतना अधिक बिल आए। रज्जू शुक्ला ने बताया कि जब से जनसुनवाई में इस बारे में कलेक्टर से शिकायत की है, तब से बिजली कंपनी के अधिकारी फोन से उसके घर का कनेक्शन काटने की धमकी दे रहे हैं। परेशान उपभोक्ता ने इस मामले की जांच व कार्यवाही की मांग की है।

### रामूपुरा स्कूल में बच्चों को शाम 4 बजे तक नहीं मिला भोजन

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** शासकीय शालाओं में बच्चों के मध्यान्ह भोजन में जमकर अनियमितताएं की जा रही हैं। नया मामला ग्राम रामूपुरा कीशासकीय माध्यमिक शाला का सामने आया है। जहां मनमाने तरीके से बिना मीनू के बच्चों को एमडीएम देना रोज की बात है। मगर आज तो बच्चों को शाम 4 बजे तक भोजन ही नहीं मिला था।

गुरुवार को शाम 3.54 बजे तक शासकीय माध्यमिक शाला रामूपुरा में बच्चों को बच्चों को भोजन नहीं मिलने से बच्चे भूखे थे। बच्चों ने बताया केवल कुछ बच्चों को भोजन दिया गया है, जबकि करीब 20 बच्चों को भोजन नहीं मिला था। जिससे बच्चे भूख से बेहाल बने रहे। बच्चों ने आरोप लगाया कि मध्यान्ह भोजन में अक्सर कंकड और कांच के टुकड़े निकलते हैं। वही इस मनमानी की जानकारी लगने पर बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल में जाकर इस मनमानी का वीडियो बनाया, जिसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया है। अब देखना है कि मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही करते हैं या हमेशा की तरह इसे अनदेखा किए रहते हैं।

## रांक फास्फेट मिलने से जिले में बढ़ी औद्योगिक दृष्टि से फायदे की की उम्मीद

# बकस्वाहा के जंगलों में मिला रॉक फास्फेट का बड़ा भंडार, जल्द शुरु होगा खनन





**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 100 किमी दूर स्थित बकस्वाहा क्षेत्र के 4 गांवों से सटे जंगल में रॉक फास्फेट का बड़ा भंडार मिला है, यहां जल्द ही खनन कार्य शुरु हो जाएगा। अभी बकस्वाहा अंचल के दो गांवों से रांक फास्फेट का खनन हो रहा है। अब 4 और गांवों में इसका बड़ा भंडार मिलने से जिले में औद्योगिक दृष्टि से फायदे की की उम्मीद बढ़ गई है।

भू-वैज्ञानिक डॉ पीके जैन के अनुसार बकस्वाहा अंचल के ग्राम सूरजपुरा, सगौरिया, पल्दा और गरदौनियां गांवों के 1070 हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 57 लाख टन रॉक फास्फेट के भंडार की बड़ी मात्रा में मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पास के सागर जिले के 320 हेक्टेयर क्षेत्र में भी फास्फोराइट की उच्च गुणवत्ता की चट्टानें पाई गई हैं। बताया गया है कि भारत सरकार ने इस खनिज के खनन के लिए मंजूरी भी दे दी है। सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी को तीन साल की लीज दी गई है।

उल्लेखनीय है छतरपुर जिले के मड़देवरा और लुहानी गांवों में पहले से राक फास्फेट की दो खदानें चल रही हैं। ग्राम मड़देवरा में 122 हेक्टेयर और लुहानी में 13.20 हेक्टेयर क्षेत्र से राक फास्फेट का खनन किया जा रहा है। अब बकस्वाहा के चार और गांवों में रॉक फास्फेट के नए भंडार की खोज से जिले को औद्योगिक दृष्टि से फायदा होने की उम्मीद बढ़ गई है।

खनन विशेषज्ञ डॉ आरपी गहलोत ने बताया कि रॉक फास्फेट फॉस्फोरस का प्रमुख स्रोत है। इसका उपयोग डीएपी खाद, पशु चारा, डिटर्जेंट, सिरेमिक, डाई, रसायन और प्लास्टिक के उत्पादों में किया जाता है। स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में इसके खनन से किसानों को खाद सस्ती मिल सकती है और स्थानीय स्तर पर उद्योगों की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी।

### वन-पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना बाकी

सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी के सूत्रों की मानें तो बकस्वाहा अंचल के चार गांवों से सटे क्षेत्र में मिले राक फास्फेट के विशाल भंडार के खनन के लिए कंपनी शीध्र ही विस्तृत कार्य योजना बनाकर सैंपलिंग सहित अन्य जरुरी प्रक्रियाएं शुरु कर देगी। खनन के लिए अभी वन एवं पर्यावरण विभाग से अनुमति लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरी होने के बाद कंपनी तकनीकी सेटअप जमाएगी। जिसमें कर्मचारियों की नियुक्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, सुरक्षा और परिवहन की व्यवस्थाएं करने के बाद राक फास्फेट का खनन शुरु कर दिया जाएगा।

## भीमकुंड में दिखा रूस के भूकंप का असर, पानी मे उथल-पुथल



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के ग्राम बाजना के समीप स्थित पर्यटक स्थल भीमकुंड में एक बार फिर अजब गजब घटना हुई है। रूस में आए भूकंप के असर से भीमकुण्ड के पानी मे जमके लहरें उठीं और उथल पुथल देखने को मिली है।

स्थानीय लोगों का पहले से ऐसा मानना रहा है कि जब भी दुनिया में कहीं प्राकृति आपदा आती है, तब भीमकुंड के जल में हलचल होने लगी है। बुधवार को इसका उदाहरण तब देखने को मिला, जब टीवी पर रूस के भूकंप की खबरें चल रहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने इस बात की पुष्टि की है जब रूस में भूकंप आया तब कुछ देर के लिए भीमकुंड के जल में भी उथल-पुथल देखने को मिली, इससे जुड़े कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। भीमकुंड के जल में उथल-पुथल के नजारे ने सभी को आश्चर्य में डाल दिया। प्राकृतिक और खगोलीय घटनाओं का कुंड के अथाह जल से संबंध एक रहस्यमयी शोध का विषय बन गया है। भीमकुंड के महंत स्वामी शंकर्षणाचार्य ने बताया कि भारी बारिश के कारण कुंड का जलस्तर पहले ही बढ़ चुका था। बुधवार सुबह कुंड के शांत जल में अचानक हलचल शुरू हो गई, और जल उछाल मारने लगा। कभी उछाल तेज होती तो कभी कम, यह क्रम काफी देर तक चला, जिसके बाद जल फिर से सामान्य हो गया। यहां संचालित आश्रम में रहने वाले छात्रों, अध्यापकों और श्रद्धालुओं ने इस प्राकृतिक घटना को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया है।

## संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने वालों को किया सम्मानित



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को शहर के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, जिपं उपाध्यक्ष पार्वती राजपूत, जनपद अध्यक्ष रजनी यादव सहित कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल ने दीप्रज्जवन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संपूर्णता अभियान के अंतर्गत सभी 6 विकास सूचकों में संतृप्ति प्राप्त करने में सफल रहने के लिए सभी के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल क्रियांवयन से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला बाल विकास के अंतर्गत कार्य का प्रदर्शन बढ़ा और जिले को अच्छी रैंकिंग हासिल हुई है। सभी ने मिलकर बक्सवाहा ब्लॉक में बेहतर कार्य किया है। कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों से आगे भी बेहतर कार्य करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में अतिथियों ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है।

## दंपत्ति को गांव से भगा रहे दबंग



**छतरपुर, देशबन्धु।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के पठा गांव के दंपत्ति को दबंग मारपीट कर गांव से भगा रहे हैं। गुरुवार को परेशान दम्पत्ति ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पठा के प्रमोद त्रिपाठी ने बताया 29 जुलाई को वह गांव के गुलाब राजपूत के घर खाना खाने गया था। घर वापिस लौटते समय गांव के दबंग संतोष राजपूत, सुरेश राजपूत, भूपेंद्र राजपूत, संदीप राजपूत, लोटन सिंह राजपूत और अभिनव त्रिपाठी ने उस पर हमला कर दिया। भूपेंद्र और संतोष ने उसे कट्टा दिखाकर गांव छोड़कर जाने और बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी है। प्रमोद का कहना है कि जब वह जान बचाकर भागा तब आरोपियों ने उस पर गोली भी चलाई। उसे बचाने उसकी पत्नी भी मौके पर आ गई, तो आरोपियों ने उससे भी बदसलूकी की है। पीड़ित दम्पति ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कब्रिस्तान में तोड़फोड़ से फैला आक्रोश, कार्रवाई की मांग



**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो के निकट ग्राम अचनार के पुराने कब्रिस्तान में जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ करके कब्रों को खोदने को लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश फैल गया। गुरुवार को समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराके दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम अचनार में स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने कब्रिस्तान में हरियाणा निवासी शिवकुमार यादव और उसके साथियों पर जेसीबी मशीन से मजारें तोड़ने और कब्रें खोदने का आरोप लगाया गया है। समाज के इकराम हफीज ने बताया यह कब्रिस्तान दशकों से मुस्लिम समाज के उपयोग में है, जहां उनके पूर्वज दफन हैं। पूर्व में खसरा नंबर 48 की भूमि शासकीय दर्ज थी लेकिन कुंज बिहारी और उनके परिवार ने बिना आदेश के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम दर्ज करा लिया। कब्रिस्तान में तोडफ़ोड़ और मिट्टी खोदने का एक वीडियो भी सामने आया है। समाज के लोगों ने जमीन विवाद के चलते धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाकर पुलिस और एसडीएम से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। डिप्टी कलेक्टर कमलेश सिंह ने मामले की जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं।

## दो नि:शुल्क शव वाहन को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले को दो निश्शुल्क शव वाहन की सौगात मिली है। गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने हरि झंडी दिखाकर ऑडिटोरियम से दोनों शव वाहनों की सेवा का शुभारंभ किया है।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जिला प्रभारी 108 एंबुलेंस सेवा रोहित अरजरिया व टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। बताया गया है इस सेवा का संचालन 108 एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। जिला प्रशासन को यह 2 वाहन नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं यह राज्य शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध रहेंगे। इनका उपयोग अस्पताल में उपचार के दौरान मृत रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित की मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के पार्थिव शरीर को सम्मान पूर्वक उनके घर या मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है जिले में लंबे समय से शव वाहन की कमी महसूस थी। 2 शव वाहन मिलने से अब लोगों को सुविधा मिल जाएगी।

## बुंदेलखंड के मंदिरों को निशाना बनाने वाला चोर गिरोह पकड़ा गया

# तीन मंदिरों सहित दो दर्जन से चोरियों का खुलासा, 4 चोर और एक खरीददार गिरफ्तार





*__छतरपुर, देशबन्धु।__ लंबे समय से बुंदेलखंड अंचल के अलग-अलग मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे धर्मप्रेमियों में आक्रोश बढ़ रहा था। हाल ही में बकस्वाहा क्षेत्र के एक मंदिर में चोरी के बाद पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी, जिसमें बड़ी सफलता मिली है।*

*पुलिस द्वारा मंदिरों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह के 4 सदस्यों को पकड़ा गया है। जिससे करीब दो दर्जन चोरियों का खुलासा हुआ है। इन चोरियों में छतरपुर जिले के तीन मंदिरों की चोरी भी शामिल हैं। गुरुवार की शाम पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में मामले का खुलासा करते बताया कि जिले के वर्ष 2022 में नैनागिरि मंदिर, 2023 में बक्सवाहा मंदिर और 2023 में अबार माता मंदिर में हुई चोरियों के मामले दर्ज थे। तहकीकात में पुलिस को कुछ संदिग्धों की जानकारी मिली। तुरंत दबिश देकर पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में चार संदिग्ध राजू पुत्र कन्छेदी पटेल निवासी ग्राम रनगुवां जिला सागर, चाली पुत्र हरिदास अहिरवार, रोहन ठाकुर उर्फ तावडे पुत्र साहब सिंह दोनों निवासी ग्राम मौठार जिला सागर और विकास पुत्र श्रीराम अहिरवार निवासी ग्राम डिलोना जिला सागर ने मंदिरों से चोरी करने की बात कबूली। जबकि एक संदिग्ध संदीप पुत्र सत्यनारायण सोनी निवासी गढ़ाकोटा जिला सागर ने चोरी की संपत्ति को खरीदने का जुर्म स्वीकार किया है। एसपी श्री जैन ने बताया पकड़े गए चोरों से छतरपुर जिले के बक्सवाहा, नैनागिरि और अबार माता मंदिर सहित बुंदेलखंड के कुल 23 मंदिरों में चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।*

### साढ़े तीन लाख की संपत्ति बरामद, हथियार भी मिले

एसपी अगम जैन ने बताया पकड़े गए चोरों के कब्जे से कुल साढ़े 3 लाख की संपत्ति बरामद हुई है, जिसमें 21 छोटे-बड़े छत्र, तीन मंगलसूत्र, एक सोने की नथ, 10 छोटे झूमर छत्र, एक बड़ा झूमर छत्र, दो प्रतिमा नयन, एक चांदी का टीका, तीन बड़े छत्र शामिल है। इसके अलावा वारदातों को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया लोहे का कटर और टीवीएस बाईक भी बरामद हुई है। आरोपियों के पास से पुलिस को एक 312 बोर का कट्टा, दो कारतूस तथा एक चाकू भी मिला। एसपी ने बताया कि पकड़े गए चोर चाली अहिरवार पर सागर और छतरपुर जिले में लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, मारपीट, जुआ जैसे 10 अपराध, रोहन उर्फ तावड़े और राजू पटेल पर 6 अपरोध तथा संदीप सोनी पर 4 अपराध पहले से दर्ज हैं।

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2025**

The consolidated and standalone unaudited financial results of the Company for the quarter ended June 30, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on July 31, 2025, along with the Auditors` Limited Review Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: July 31, 2025

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

**SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES**

As mandated by SEBI a 'Special Window' has been allowed from July 07, 2025 to January 06, 2026 to facilitate re-lodgement of physical share transfer requests that were originally lodged before April 01, 2019 but were rejected/ returned due to deficiencies. Investors who missed the earlier cut-off of March 31, 2021, are encouraged to utilize this special window and submit the requisite documents to the Company/ Company's RTA - KFin Technologies Limited.

सागर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अबकी बार ट्रंप का वार

हाउडी मोदी, नमस्ते ट्रंप, अबकी बार ट्रंप सरकार, माई डियर फ्रेंड इन सबको धता बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश के हितों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान कर दिया है। 1 अगस्त की समय सीमा पहले ही तय कर दी गई थी, जिस पर ट्रंप सरकार ने अमल कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरी बार शपथ लेने के साथ ही कुछ बड़े फैसले लिए थे, जिनमें सर्वाधिक चर्चा शुल्क नीति की रही। दुनिया भर के देश अमेरिका पर ज्यादा शुल्क थोपते हैं, जिससे देश को घाटा होता है, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा, कुछ इस अंदाज में ट्रंप ने अपनी शुल्क नीति का ऐलान किया था। इस बारे में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भी उन्होंने बयान दिया था, भारत का नाम लेकर कहा था कि तुम जितना शुल्क हम पर लगाओगे, हम भी उतना ही लगाएंगे। श्री मोदी अपने देश पर हो रहे इस शाब्दिक हमले को चुपचाप सुनते रहे, यह सबने देखा। रूस, चीन, जापान, फ्रांस ऐसे कई देशों ने ट्रंप की नीति की आलोचना की थी। लेकिन भारत में मोदी सरकार की तरफ से इस बारे में खुलकर कभी कुछ नहीं कहा गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस बीच अमेरिका दौरा कर चुके हैं, लेकिन इससे भी भारत अपने पक्ष में सौदा नहीं करवा सका।

ट्रंप ने न केवल शुल्क बढ़ाया है, बल्कि रूस से तेल और रक्षा सौदे करने पर भारत पर जुर्माना भी थोपा है। संदेश साफ है कि ट्रंप केवल अपने देश के हित नहीं, पूरी दुनिया में अपने मनमाफिक व्यापार नियम बनवाना चाहते हैं। अमेरिका को दुनिया का चौधरी क्यों कहा जाता है, ट्रंप उसकी जीती-जागती मिसाल दिखा रहे हैं। ट्रंप से पहले भी अन्य अमेरिकी राष्ट्रपतियों का रवैया ऐसा ही था, लेकिन कम से कम उनमें कूटनीतिक सज्जनता, शिष्टता दिखाने का लिहाज था। ट्रंप ने तो सारे आवरण उठा फेंके हैं। भारत पर जुर्माना लगाने जैसा अपमान ही काफी नहीं है, जो अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ हुए समझौते का ऐलान करते हुए लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक नया समझौता किया है। इसके तहत अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडार का विकास करेंगे। हम उस तेल कंपनी को चुनने की प्रक्रिया में हैं जो इस पार्टनरशिप का नेतृत्व करेगी। कौन जानता है, शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचे। इस पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी ट्रंप को धन्यवाद देते हुए लिखा है कि यह ऐतिहासिक समझौता हमारे बढ़ते सहयोग को और मज़बूती देगा, ताकि आने वाले दिनों में हमारी स्थायी साझेदारी के दायरे को और विस्तार दिया जा सके। अमेरिका और पाकिस्तान की यह नजदीकी पहलगाम हमले के बाद और ज्यादा देखने मिल रही है, क्या मोदी सरकार को यह भी नजर नहीं आ रहा है।

पाकिस्तान ने ट्रंप का आभार मानने की ऐसी ही तत्परता तब भी दिखाई थी जब ट्रंप की तरफ से युद्धविराम का ऐलान हुआ था। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तब भी चुप थे और अब भी वे चुप हैं। कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तो नरेन्द्र मोदी की तरफ से ऐसा कोई वक्तव्य नहीं आया है, जिसमें उन्होंने शुल्क थोपे जाने या पाकिस्तान के साथ हुए समझौते को लेकर कुछ कहा हो। श्री मोदी की चुप्पी के पीछे दो ही कारण हो सकते हैं, या तो उन्हें विदेश नीति, अर्थनीति और कूटनीति की अपनी कोई समझ ही नहीं है, अथवा श्री मोदी के लिए ट्रंप से निज संबंध देशहित से ऊपर हैं, इसलिए देश का अपमान और घाटा होने के बावजूद वो कुछ बोल नहीं रहे हैं। इन दो के अलावा एक कारण यह भी हो सकता है कि सब जानने-समझने के बावजूद नरेन्द्र मोदी देश के चुनिंदा उद्योगपतियों के फायदे को देखते हुए चुप हैं। अमेरिका की अदालत में गौतम अडानी समेत उनके समूह के कुछ लोगों पर धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप में मामला दर्ज है। अडानी समूह इन आरोपों से इंकार करता रहा है। ऐसे में सवाल उठने लाजिमी हैं कि देश नहीं झुकने दूंगा, देश नहीं बिकने दूंगा जैसे नारे लगाते-लगाते नरेन्द्र मोदी ने क्या देश के साथ कोई बड़ा खिलवाड़ कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को मृत बताते हुए यह भी कहा है कि उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है कि रूस के साथ भारत क्या करता है। ट्रंप के इस बयान से अब मोदी के लिए धर्मसंकट और बढ़ गया है। अगर नरेन्द्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था पर ऐसी टिप्पणी के बावजूद ट्रंप के खिलाफ कोई बयान नहीं देते हैं तो इसका मतलब यही है कि वे भी ट्रंप की बातों से सहमत हैं। और अगर वे ट्रंप को कोई जवाब देते हैं, तब उनकी मित्रता निभाने पर संकट आ सकता है। दोनों ही सूरतों में ट्रंप ने नरेन्द्र मोदी को फंसा दिया है। यह बात इतनी बढ़ती ही नहीं अगर नरेन्द्र मोदी शुरु से उसी विदेश नीति का पालन करते, जो नेहरूकाल में बनी है और जिसकी वजह से विकासशील होने के बावजूद वैश्विक शक्तियों के बीच भारत की अपनी साख बनी रही। भारत कई क्षेत्रों में अमेरिका, रूस, जापान, चीन आदि से पिछड़ा रहा है, लेकिन बावजूद इसके कभी किसी देश ने इस तरह भारत का अपमान करने की कोशिश नहीं की, जैसी अभी हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले सभी भारतीय प्रधानमंत्रियों ने विदेश नीति, रक्षा नीति, व्यापार नीति को पार्टी या व्यक्ति हित से ऊपर रखकर एक समान अपनाया। लेकिन नरेन्द्र मोदी के काल में बार-बार यह अहसास होता रहा है, मानो कहीं और से ये सारी नीतियां संचालित हो रही हैं।

यहां फिर राहुल गांधी की बात ही सच साबित हो रही है। मंगलवार को अपने भाषण के आखिरी में राहुल गांधी ने कहा था कि मोदीजी देश आपकी छवि और प्रचार से बढ़कर है। वहीं बुधवार को संसद परिसर में उन्होंने कहा था कि देखिए ट्रंप किस तरह की डील करते हैं और शाम होते-होते श्री गांधी की बात सच साबित हो गई। अमेरिका के आगे झुकने का खामियाजा पूरा देश भुगते इससे पहले सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

# ऑपरेशन सिंदूर : पक्ष-विपक्ष के बीच बुलंद होती निर्दलीय आवाज़

ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चली सोलह घंटे की बहस जब मंगलवार को पूरी हुई तो साफ़ हो गया कि देश के पास ऐसे धुरंधर नेता हैं जो सरकार की आंख में आंख डालकर बात कर सकते हैं और सटीक सवाल पूछते हैं। उधर सरकार भी भले ही भाग नहीं रही थी लेकिन जवाब देने में उसे भी बड़ी तैयारी और मेहनत लग रही थी। देश के हर हिस्से से शामिल सांसदों की यह ज़रूरी और अच्छी बहस थी। फिर भी विपक्ष को शायद इस बात का मलाल हो सकता है कि कुछ जवाब उसे नहीं मिले, जैसे पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा में चूक क्यों हुई; खुफ़िया तंत्र विफल क्यों रहा; अमेरिका ने बीच ऑपरेशन में भांजी क्यों मारी; हमारे कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुए और चीन-पाकिस्तान एक मंच पर साथ आने की समझ सरकार को क्यों नहीं हुई? बेशक सरकार ने अपना पक्ष रखने की पुरज़ोर कोशिश की लेकिन बीच-बीच में जब भी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का ज़िक्र आता, तो लगता था कि सरकार जैसे अब तक किसी नेहरूफोबिया से ग्रस्त है और हर मौके पर उन्हें किसी ढाल की तरह ले ही आती है। बेशक बंटवारा हमारी दुखती रग है लेकिन हम कब तक उस घाव को हरा रखेंगे, सिर्फ इसलिए कि इससे वोटों की सियासत मज़बूत होती है? विभाजन की त्रासदी की क़ीमत लंबी अशांति और नफ़रत क्यों होनी चाहिए? यूं पक्ष-विपक्ष की इस बेहतरीन बहस में निर्भीक,नम और निर्दलीय आवाज़ें भी थीं जिन्हें गंभीरता से दोनों पक्षों को सुनना चाहिए था। उनमें से एक स्वर कश्मीर के निर्दलीय सांसद (बारामूला) राशिद इंजीनियर का था। यह भारत के संविधान और बुलंद लोकतंत्र की एक झलक है जिसे कश्मीर की जनता ने जेल में रहते हुए भी जिता कर दिल्ली भेजा।

बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद ने नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला को लोकसभा चुनाव में हराया था जो अब जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं। राशिद पिछले कई सालों से जेल में बंद हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव भी जेल में रहते हुए ही लड़ा था। उन्हें टेरर के फंडिंग मामले में एनआईए की तरफ से गिरफ्तार किया गया था। राशिद ने कहा, 'हम पहलगाम हमले में मारे गए परिवारों का दर्द समझ सकते हैं, क्योंकि हमने 1989 से ऐसे हजारों लोग खोए हैं। कश्मीर में जितनी तबाही हुई है, हमसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। हमने कब्रिस्तान देखे हैं और लाशें उठाते-उठाते थक चुके हैं।' राशिद ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को पूरी इंसानियत का कत्ल बताते हुए कहा- 'मैं ऐसी जगह से आता हूं जहां से बॉर्डर बहुत ऊपर दिखता है। आपको कश्मीरियों के दिल जीतने होंगे। मैं देख रहा हूं कि आप में से किसी एक ने भी कश्मीरियों के लिए बात नहीं की। आज रूलिंग पार्टी और विपक्ष को यह तय करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि 15 अगस्त, 1947 को देश मिला। चाहे जिन्ना हों, नेहरू हों, गांधी हों, सरदार पटेल हों, लियाकत अली खान हों, आप इंडिया को एक नहीं रख सके। आपने तीन हिस्से कर दिए। आप कश्मीरियों को क्यों मार रहे हैं? मैं पूछना चाहता हूं कि हमारा कुसूर क्या है। आपने 60 सांसद दुनिया में भेजे, मैं जानना चाहता हूं उनमें से कश्मीरी कितने थे? एक भी नहीं। उन्होंने कहा- 'आप कहते हैं वहां सब कुछ ठीक है लेकिन आप हमें सोशल मीडिया पर कुछ लिखने नहीं देते हैं। लोग जेलों में मर रहे हैं। मिलिटेंसी खत्म करनी होगी। यहां सब ट्रंप-ट्रंप बोल रहे हैं, मैं कह रहा हूं कि ट्रंप के पास कश्मीर का हल नहीं है, लोगों के पास है। यह एक राजनीतिक मसला है, सांप्रदायिक नहीं।' सांसद ने भीगी आवाज़ में कहा कि- मैं यहां आख़िरी बार बोल रहा हूं क्योंकि यहां आने में एक लाख साठ हज़ार रूपए लगते हैं। कहां से लाऊं? चूंकि ये बुज़ुर्ग सांसद जेल में हैं और उन्होंने इस सत्र में शामिल होने के लिए जमानत या कस्टडी पैरोल की मांग की थी। कस्टडी पैरोल के तहत कैदी को पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में पैरोल पर रिहा किया जाता है। इस दौरान उनके साथ कई पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। इंजीनियर राशिद को कोर्ट की तरफ से 24 जुलाई से 4 अगस्त तक लिए कस्टडी पैरोल दी गई है। कोर्ट ने इस पैरोल के पीछे कई शर्तें भी लगाई हैं। कोर्ट की तरफ से कहा गया कि राशिद को अपनी यात्रा और सुरक्षा का खर्च खुद ही देना होगा।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस बहस में दखल दमदार इसलिए भी मालूम हुआ कि यह कोई रटा-रटाया वक्तव्य नहीं, देश की चिंता थी और गंभीर हालात में सत्ता की अपनी छवि को चमकाने की कोशिश पर करारा प्रहार था। शायद यह कइयों की समझ से बाहर भी रहा। उन्होंने कहा कि 'पोलिटिकल विल' यानी इस अटैक में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी, केवल प्रधानमंत्री की इमेज चमकाने की कोशिश थी।

ज़ाहिर है कि कश्मीर से आया यह सांसद भारतीय संविधान और लोकतंत्र की बुलंदी को बयां करता है। एक निर्दलीय व्यक्ति जिस पर टेरर फंडिंग का मुकदमा है, जनता उसे जिताती है और फिर वह उस जनता की आवाज़ इस बड़ी बहस में रखता है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर की इस बहस में कई नेताओं के धुआंधार भाषण से सुनने वालों को बढ़िया किक मिली। विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल कर रहा था तो जवाब लेने सत्तापक्ष नेहरू के पास जा रहा था। हर सदस्य के वक्तव्य यहां लिखना मुश्किल है लेकिन जो टोन सदन में सेट हुई वह यही थी कि सत्ता के वक्ताओं का जोर कांग्रेस को दोषी ठहराना था कि उन्होंने पाकिस्तान बनने दिया और चीन नेहरू जी की गलती से अक्साई चिन ले उड़ा। विपक्ष मरने वालों को भारतीय कह रहा था और सत्ता पक्ष हिंदू। इसकी तसदीक के लिए सांसद प्रियंका गांधी का भाषण सुना जा सकता है। उन्होंने पहलगाम हमले में शहीद हर व्यक्ति का नाम लिया और जब कहा कि वे 26 'भारतीय' थे तब उधर से आवाज़ आई 'हिन्दू' थे। सांसद ने दोहराया भारतीय थे। समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर राज्यसभा में सवाल उठाया कि सिंदूर तो उजड़ गए उनके, ये बड़े-बड़े लिखने वालों ने क्या नाम सुझाया है?

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में कहा कि पहलगाम किसने किया, हमारे पास साढ़े सात लाख सेना और अर्द्धसैनिक बल है ये चार चूहे कहां से घुस आए और हमारे भारतीय नागरिकों को मार डाला? जवाबदेही किसकी तय होगी? उन्होंने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर कहा कि आपका ज़मीर ज़िंदा क्यों नहीं है.., क्या हुकूमत में हिम्मत है कि वे उन 25 परिवारों को फ़ोन कर के कहें कि हमने आपके सिंदूर का बदला ले लिया, अब आप पाकिस्तान का मैच देखो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए बहस की शुरुआत करते हुए कहा कि विपक्ष सही सवाल नहीं पूछ रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह जानने में रुचि नहीं है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को कितना नुकसान पहुंचाया? उनके कितने विमान गिराए? विपक्ष को जानने में यह दिलचस्पी है कि भारत के कितने विमान गिरे? किसी भी परीक्षा में परिणाम मायने रखता है। अगर कोई छात्र परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर रहा है तो हमारे लिए उसके अंक भी महत्वपूर्ण होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि परीक्षा के दौरान उसकी पेंसिल टूट गई या पेन खो गया। अंततः परिणाम मायने रखता है और नतीजा यह है कि हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल कर लिया। ज़ाहिर है कि सरकार नुक़सान का हवाला नहीं देना चाहती थी।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस बहस में दखल दमदार इसलिए भी मालूम हुआ कि यह कोई रटा-रटाया वक्तव्य नहीं, देश की चिंता थी और गंभीर हालात में सत्ता की अपनी छवि को चमकाने की कोशिश पर करारा प्रहार था। शायद यह कइयों की समझ से बाहर भी रहा। उन्होंने कहा कि 'पोलिटिकल विल' यानी इस अटैक में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी, केवल प्रधानमंत्री की इमेज चमकाने की कोशिश थी। ऐसा कौन करता है कि मैंने एक झापड़ मारा है और अब आप कुछ मत करना। राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा, 'सरकार ने पाकिस्तान को सुबह 1:35 बजे सूचित किया कि हमने उनके आतंकी ठिकानों पर हमला किया है और दावा किया कि यह कदम तनाव बढ़ाने वाला नहीं था, लेकिन आपने 30 मिनट में ही पाकिस्तान के सामने सरेंडर कर दिया, जिससे यह संदेश गया कि सरकार में युद्ध लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं है। सरकार ने हमारे पायलटों की स्वतंत्रता को बंधन में जकड़ दिया, जिससे उनकी क्षमता पर अंकुश लगा।' यही वजह रही कि यह ऑपरेशन एक युद्ध में बदलते हुए नज़र आया। दोनों ओर से हमले हुए और पाकिस्तान की पृष्ठभूमि में चीन नज़र आया और अमेरिका ने भांजी मार ली। युद्ध रुकवाने का ट्वीट कर श्रेय भी ले लिया और लगातार ले रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई तो कई बार हुई है, लेकिन यह पहली ऐसी भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए थे वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया गया। कोई सोच नहीं सकता है कि वहां तक कोई जा सकता है। बहावलपुर और मुरीदके, उसको भी जमींदोज कर दिया गया।' उन्होंने यह भी कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जिस प्रकार की क्रूर घटना घटी, जिस प्रकार आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों को उनका धर्म पूछ-पूछ करके गोलियां मारीं, यह क्रूरता की पराकाष्ठा थी। भारत को हिंसा की आग में झोंकने का यह सुविचारित प्रयास था। भारत में दंगे फैलाने की यह साजिश थी। मैं आज देशवासियों का धन्यवाद करता हूं कि देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि अब देश में कोई गुलशन और सिंदूर नहीं उजड़ेगा। यह देश की जनता से उनकी सरकार की प्रतिबद्धता होगी। चचा ग़ालिब ने क्या खूब कहा है-

रगों में दौड़ते-फिरने के हम नहीं क़ायल,
जो आंख ही से ना टपका तो फिर लहू क्या है?

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# रूसी तेल पर ट्रंप का नवीनतम कदम भारतीय आर्थिक स्थिरता के लिए ख़तरा

■ के रवींद्रन

रूसी तेल खरीद पर डोनाल्ड ट्रंप का नवीनतम कदम, उनके बयानबाज़ी और फिर चुपचाप पीछे हटने के सामान्य तरीके से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। एक आश्चर्यजनक उलटफेर करते हुए, उन्होंने रूसी तेल आयात जारी रखने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई की समय सीमा आगे बढ़ा दी है, और ऐसा उन्होंने इतनी दृढ़ता से किया है कि कूटनीतिक और ऊर्जा बाज़ार दोनों ही हड़बड़ा गए हैं।

अब तक, दंडात्मक आर्थिक उपायों के प्रति ट्रंप का दृष्टिकोण मुख्यतः डींगें हांकने और शेखी बघारने तक ही सीमित रहा है—नाटकीय कदमों की घोषणा, केवल दबाव में उन्हें या तो कमज़ोर करने या विलंबित करने के लिए। हालांकि, इस बार ऐसा लगता है कि वह पहले से कहीं अधिक तत्परता के साथ, अपने कदमों पर अमल कर रहे हैं। प्रतिबंध लगाने के लिए केवल 10 से 12 दिनों की संशोधित समय-सीमा, जबकि बमुश्किल एक पखवाड़े पहले उन्होंने 50 दिनों की मोहलत दी थी, न केवल बयानबाजी में बल्कि संकल्प में भी बदलाव दर्शाती है।

वैश्विक तेल बाजारों के लिए, और विशेष रूप से भारत और चीन जैसे देशों के लिए, जिन्होंने रूस के साथ मजबूत तेल व्यापार संबंध बनाए रखे हैं, इस फैसले ने अस्थिरता का एक नया स्तर ला दिया है। इस घोषणा की प्रतिक्रिया में ब्रेंटक्रूड की कीमत पहले ही 3 प्रतिशत बढ़ चुकी है, और यह उथल-पुथल की शुरुआत हो सकती है। ट्रम्प द्वारा अभी भी रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी, सावधानीपूर्वक तैयार की गई वैश्विक ऊर्जा प्रणाली में एक बड़ा झटका साबित होगी। भारत, जो यूक्रेन संघर्ष के बाद से पारंपरिक ऊर्जा समझौतों के उलट जाने के बाद से रियायती रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रहा है, के लिए दांव अविश्वसनीय रूप से ऊंचे हैं।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूसी तेल खरीदारों के खिलाफ दंडात्मक टैरिफ को फिर से लागू करना उसकी व्यापक विदेश नीति के रुख का भी पुनर्मूल्यांकन है। जबकि पश्चिमी देशों ने, उनसे पहले बाइडेन प्रशासन के नेतृत्व में, तेल की कीमतों को राजनीतिक हेरफेर से दूर रखने की कोशिश की और इसके बजाय आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करते हुए रूसी राजस्व को सीमित करने के लिए मूल्य सीमा तंत्र पर भरोसा किया, ट्रंप के दृष्टिकोण में न तो सूक्ष्मता है और न ही बहुपक्षीय बारीकियां। 100 प्रतिशत टैरिफ की उनकी धमकी उन जटिल भू-राजनीतिक विचारों की अनदेखी करती है जिन्हें भारत जैसे देशों को संतुलित करना होता है। भारत ने लगातार तर्क दिया है कि रूस से उसकी तेल खरीद राष्ट्रीय हित और ऊर्जा सुरक्षा का मामला है, न कि भू-राजनीतिक अवज्ञा का। यूरोप के विपरीत, भारत के पास वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की इतनी आसानी से उपलब्धता नहीं है, और रूस के साथ उसके संबंध दशकों के रणनीतिक और रक्षा सहयोग में अंतर्निहित हैं। अगर ट्रंप के रुख का वास्तविक नीतिगत उपायों के साथ पालन किया जाता है, तो यह भारत को भू-राजनीतिक बंधन में डाल सकता है।

ट्रंप के अचानक बदलाव ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा व्यापारियों और नीति निर्माताओं ने पहले की 50-दिवसीय नोटिस अवधि को पचाना शुरू ही किया था कि इस तेजी से कम की गई समय-सीमा ने उन्हें चौंका दिया। यह कदम वैश्विक कूटनीति के प्रति ट्रंप के लेन-देन संबंधी दृष्टिकोण का प्रतीक है। उनकी दुनिया में, व्यापार और राष्ट्रीय हित अविभाज्य हैं, और जो लोग उनके द्वारा परिकल्पित गठबंधन से विचलित होते हैं, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए, भले ही वे दीर्घकालिक साझेदार ही क्यों न हों। भारत और चीन को दंडात्मक कार्रवाई के लिए एक साथ रखा जाना इस बात पर प्रकाश डालता है कि जब कथित आर्थिक हित दांव पर होते हैं, तो ट्रम्प का विश्वदृष्टिकोण हमेशा विरोधियों और सहयोगियों के बीच अंतर नहीं करता है।

भारत के लिए, इसके परिणाम केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक भी हैं। पिछले दो वर्षों में, रूसी तेल की ओर उसका झुकाव व्यावहारिक रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण महत्वपूर्ण छूट पर उपलब्ध रूसी कच्चे तेल ने भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को अन्य देशों द्वारा झेले गए तेल झटकों से बचाने में मदद की। इसने भारतीय रिफाइनरियों को राहत दी और राजनीतिक रूप से संवेदनशील माहौल में घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की। यदि 100 प्रतिशत टैरिफ का खतरा साकार हो जाता है, तो यह सुरक्षा रातोंरात गायब हो जाएगी। भारतीय तेल कंपनियों को या तो रूसी बैरल को पूरी तरह से त्यागना होगा- जिससे उन्हें मध्य पूर्व और अफ्रीका से अधिक सघन और महंगी आपूर्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करनी होगी- या दंडात्मक लागत वहन करनी होगी, जिसका बोझ लगभग निश्चित रूप से भारतीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

इसके अलावा, ट्रंप की धमकी का समय नई दिल्ली के लिए इससे ज़्यादा ख़तरनाक नहीं हो सकता था। वैश्विक तेल बाज़ार पहले से ही नाज़ुक संतुलन में है। ओपेक+ के उत्पादन में कटौती, चीन की मांग में अनिश्चित सुधार और मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता के साथ, कोई भी अतिरिक्त व्यवधान कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ी से बढ़ोतरी कर सकता है। इसका भारत पर सीधा मुद्रास्फीतिकारी प्रभाव पड़ेगा और रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति गणना जटिल हो जाएगी, ठीक ऐसे समय जब आर्थिक पुनरुद्धार के संकेत मज़बूत होने लगे हैं। दबाव में रूसी तेल से जबरन अलगाव निकट भविष्य में भारत की ऊर्जा योजना को पटरी से उतार सकता है।

इस दुविधा को और भी जटिल बना रही है ट्रंप की अनिश्चितता। हालांकि उनका हालिया कदम उनकी दृढ़ता का संकेत देता है, लेकिन उनका पिछला रिकॉर्ड यह सवाल भी उठाता है कि क्या यह भी एक बातचीत की रणनीति है? समय सीमा को कम करके और बयानबाज़ी को तेज़ करके, ट्रंप खुद को संभावित लाभ के लिए तैयार कर रहे हैं।

इस दुविधा को और भी जटिल बना रही है ट्रंप की अनिश्चितता। हालांकि उनका हालिया कदम उनकी दृढ़ता का संकेत देता है, लेकिन उनका पिछला रिकॉर्ड यह सवाल भी उठाता है कि क्या यह भी एक बातचीत की रणनीति है? समय सीमा को कम करके और बयानबाज़ी को तेज़ करके, ट्रंप खुद को संभावित लाभ के लिए तैयार कर रहे हैं—शायद असंबंधित व्यापार रियायतें हासिल करने के लिए, या उस वैश्विक व्यवस्था में अपना प्रभुत्व फिर से स्थापित करने के लिए जिसे वे अमेरिकी हितों के विरुद्ध अनुचित रूप से झुका हुआ मानते हैं। भारत के लिए, ऐसी संभावना पर दांव लगाना एक उच्च जोखिम वाला प्रस्ताव है। नई दिल्ली को इस पर विचार करना होगा कि क्या चुपचाप बैकचैनल वार्ता शुरू की जाए या सबसे खराब स्थिति से बचाव शुरू किया जाए।

ट्रंप के इस दांव के व्यापक वैश्विक दक्षिण पर भी प्रभाव पड़ेंगे। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के वे देश जो विकास की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रूसी ऊर्जा पर निर्भर हैं, इस पर कड़ी नज़र रखेंगे। अगर ट्रंप के नेतृत्व में संयुक्त राज्य अमेरिका भू-राजनीतिक अनुरूपता के एक सार्वभौमिक उपकरण के रूप में टैरिफ का इस्तेमाल करना शुरू कर देता है, तो यह प्रतिबंधों और ऊर्जा कूटनीति पर पहले से ही कमज़ोर आम सहमति को बिगाड़ सकता है। भारत, जो लगातार पूर्व और पश्चिम के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश करता रहा है, के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई एक ऐसी मिसाल भी कायम कर सकती है जो वैश्विक दक्षिण की एकजुटता को कमज़ोर करेगी। भारत की दुविधा को देखते हुए, अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाएं अपने स्वयं के संरेखण को पुनर्संयोजित करना शुरू कर सकती हैं—अमेरिका के प्रति नहीं, बल्कि अमेरिकी दबाव के प्रति प्रतिरोधी वैकल्पिक आर्थिक समूह बनाने की ओर।

इस प्रकरण में एक और बात उभर कर सामने आती है कि किस तरह अब बाजारों को न केवल आर्थिक संकेतकों, बल्कि राष्ट्रपति के मूड को भी पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ब्रेंटक्रूड में 3 प्रतिशत की वृद्धि आपूर्ति-मांग की गतिशीलता का कम और राजनीतिक चिंता का सूचक ज़्यादा है। अगर ट्रम्प की नीति-निर्माण पद्धति इसी तरह जारी रही—अचानक, आक्रामक और पूरी तरह से उत्तोलन पर केंद्रित—तो ऊर्जा बाजार ट्वीट्स और टेलीविज़न पर प्रसारित बयानों के बंधक बने रहेंगे, न कि मंत्रीस्तरीय घोषणाओं या कार्टेल के फैसलों के। यह ऊर्जा अवसंरचना में दीर्घकालिक निवेश के लिए एक बेहद अस्थिरकारी संभावना है, जो पूर्वानुमान पर निर्भर करता है।

## आपके पत्र

### अवसरवादिता से विकास में बाधा जातिवादी दृष्टिकोण से नुकसान

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण से देश को बहुत नुकसान पहुंचा है। अपरिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं के परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्कबुद्धि और अदूरदर्शिता की सोच के कारण कई बार जनता को हानि हुई है।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है। इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है। जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक असुरक्षा चरित्र को जन्म देती है। अवसरवादिता राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव पदलोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने जैसा है। यह अलग मुद्दा है कि जनभावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं।

लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकती है और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पदलोलुपता अवसरवादिता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं। भारतीय परंपरा में भी साम-दाम-दंड-भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है। इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं। यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है। कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं। यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श और विकास के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं। अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रतिमान को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है।

**-संजीव ठाकुर**

## ललित सुरजन की कलम से



### मोदी यूँ ही चुप नहीं हैं

*'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी या अनिर्णय को समझने के लिए हमें शायद उन दिनों को ध्यान में रखना चाहिए जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अपने बारह साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने कब किसकी बात मानी? क्या यह याद दिलाने की आवश्यकता है कि उन्होंने अपने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधर्म का पालन करने की सीख को भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया था? क्या यह आईने की तरह साफ नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जनमत की कभी परवाह नहीं की? श्री मोदी की आलोचना चाहे निजी जीवन को लेकर की गई हो, चाहे मुख्यमंत्री के रूप में लिए गए निर्णयों पर, उन्होंने हर अवसर पर मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा है। आज प्रधानमंत्री के रूप में भी संभवतः वे इस पुराने आजमाए गए नुस्खे का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। देशव्यापी पैमाने पर नुस्खा कितना कारगर हो पाता है, यह कहना कठिन है, किंतु आज की सोच शायद यही है कि जो चिल्ला रहे हैं उन्हें चिल्लाने दो, एक दिन थककर सब अपने आप चुप हो जाएंगे। श्री मोदी को शायद यह विश्वास भी है कि वे जिस शीर्ष पर हैं, वहां उनके सामने कोई चुनौती, कोई खतरा नहीं है।'*

**( देशबन्धु में 02 जुलाई 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### स्वस्थ मनोरंजन की आवश्यकता

व्यक्तित्व के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, संपर्क और उपयुक्त वातावरण आवश्यक है, पर इन सभी साधनों को जीवित, जाग्रत रखने का मुख्य साधन है-मनोरंजन। स्वस्थ मनोरंजन के अभाव में मनुष्य का जीवन शुष्क, नीरस और कुटिल हो जाता है। आगे बढ़ने, कठिनाइयों से संघर्ष एवं विपरीत परिस्थितियों में भी क्रियाशीलता बनाए रखने के लिए शुद्ध मनोरंजन आवश्यक है।

मनोरंजन आत्मा की चाह है, इसीलिए जो व्यक्ति मनमौजी स्वभाव के होते हैं, जिनमें हास्य-विनोद का प्रवाह चलता रहता है; ऐसे व्यक्ति मन को बहुत भाते हैं। जो भी परिचित लोग होते हैं, वे ऐसे व्यक्तियों के पास बैठने के लिए लालायित बने रहते हैं। इससे पता चलता है कि धन, साधन, संपत्ति की अपेक्षा आह्लाद से आदमी को अधिक संतोष मिलता है। इस प्रकार का संतोष ही क्रियाशीलता की अभिनव प्रेरणा प्रदान करता है।

कठोर नियंत्रण, तप, व्रत, उपवास के माध्यम से मन को नियंत्रण में लाना कई बार तात्कालिक परेशानियों से बचा तो सकता है, पर जो कार्य मन के सहयोग से ही निपटाए जाते हैं, वे काम खूबसूरत भी होते हैं। मन को मित्र बनाकर काम लेने से वह काम बिलकुल सरलता से हो सकते हैं, जो कठोरतापूर्वक मनोनियंत्रण से काफी देर में और कष्टपूर्वक पूरे होते हैं। इसलिए मनुष्य के जीवन में मनोरंजन का सर्वाधिक महत्व है।

गांधी, नेहरू, टैगोर, तिलक, गोखले, विनोबा भावे, पटेल, गालिब, सुकरात, टाल्स्टॉय, शेक्सपीयर, बर्नार्ड शा, नेपोलियन, हिटलर, स्टालिन, चार्ली, चर्चिल, अब्राहम लिंकन, वर्ट्रेंड रसेल, मार्कट्वेन डार्बिन, आइन्स्टीन इत्यादि संसार के सैकड़ों महापुरुषों के जीवन में अन्य बातें, मुख्य परिस्थितियां अलग-अलग रही होंगी, किंतु मनोरंजन का गुण सबमें एक जैसा रहा है। ये सभी लोग हास्य विनोद में हमेशा अपने आप को तरोताजा किए रहते थे। लोग असमंजस में पड़ते हैं कि इन व्यक्तियों के जीवन में जो संघर्ष रहे, उनमें वे कैसे स्थिर बने रहे, किस प्रकार इतनी कठिनाइयों के बावजूद उनकी आत्मशक्ति स्वस्थ, सशक्त और सतत क्रियाशील रही ? यह उनका विनोदी स्वभाव ही रहा, जिसने प्रत्येक परिस्थिति में नया बल दिया।

गांधी जी कहा करते थे- 'मैं केवल इसलिए जिंदा हूँ; क्योंकि मनोरंजन मेरा स्वभाव है। हँसी मन की गाँठें खोल देती है, मेरे मन की ही नहीं, तुम्हारे मन की भी।' 'जब मैं स्वयं हँसता हूँ तो मेरे मन का बोझ हलका हो जाता है।' उक्त कथन रवींद्र नाथ टैगोर का है।

बेकन का कहना था-'हँसमुख स्वभाव दीर्घ आयु का एक सर्वोत्तम साधन और सर्वप्रिय बनने का सुलभ उपाय है। इससे आयु और प्रतिष्ठा दोनों में वृद्धि होती है।'

स्टर्न कहते हैं- 'मुझे लगता है कि जब कोई मनुष्य मुस्कराता है या अधिक हँसता है तो हर बार वह अपने जीवन की वृद्धि करता है।'

'किसी व्यक्ति के हृदय में सहयोग, सहानुभूति और संवेदना की कितनी मात्रा है? मैं इसकी पहचान इस बात से करता हूँ कि वह व्यक्ति प्रफुल्ल रहता है या नहीं। जो हँस सकता है, वही औरों को हँसा सकता है। औरों के दिल का दरद जान सकता है। मुस्कान प्रेम की भाषा है।' यह होमर ने कहा था।

दु:ख इस बात का है कि गरीबी, अशिक्षा और संकीर्णता के कारण जनसामान्य या तो मनोरंजन के महत्व को समझते नहीं अथवा उसे हेय दृष्टि से देखते हैं। अशुद्ध मनोरंजन की ओर आकर्षित होकर शक्ति, साधन तथा समय का दुरूपयोग करते हैं। उद्योगीकरण के प्रसार के साथ-साथ आज का जीवन अत्यंत व्यस्त और संघर्षमय होता जा रहा है। उधर स्वस्थ मनोरंजन के अभाव में आत्मिक दुर्बलताएं बढ़ती जा रही है, इसलिए प्रत्यक्ष प्रगति और भौतिक लाभों के होते और बढ़ते हुए भी लोग दु:खी है। अतः जन-सामान्य के लिए स्वस्थ मनोरंजन की व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है।

**-युग निर्माण योजना**

# इलाज के अभाव में तीन गायों की मौत, ग्रामीणों ने लगाये मुर्दाबाद के नारे



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन ब्लॉक के रजवांस में इलाज के अभाव में तीन पशुओं की मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुये पशु चिकित्सक व प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते मुर्दाबाद के नारे लगायें। रजवांस में पशु औषधालय होने के बाद भी कोई चिकित्सक न होने से अस्पताल बीमार पड़ा है कागजो में चिकित्सक की पदस्थापना है लेकिन कोई बैठता नहीं है। गुरुवार को रजवांस लावारिस तीन गायों ने कीटनाशक युक्त घास खा ली जिसके बाद तीन अलग-अलग जगह पर गोवंशीय पशु स्थानीय लोगो मिले जिन्हें टैक्टर ट्राली में रखकर रजवांस पशु अस्पताल इलाज के लेकर गये जब वहां कोई नहीं मिला वह भड़क गये और उन्होंने जमकर नारेबाजी करते प्रदर्शन किया। लोगो ने आरोप लगाये है लंबे समय से पशु अस्पताल का यही आलम है। बीमार पशुओं का इलाज प्राइवेट में करवाना पड़ता हैं सरकारी सुविधाये नहीं मिल रही है समय पशुओं का इलाज न मिलने कारण पशुओं की मौत हो रही हैं। मालथौन ब्लॉक के रजवांस में पशु चिकित्सालय में न डॉक्टर न स्टाफ है आस पास के पशुओं को उपचार नहीं मिल पा रहा हैं जिससे पशुपालक परेशान है समय से पशुओं का इलाज नहीं मिलने से बीमारी में दम तोड़ रहे है। विभागीय अनदेखी से ब्लॉक में हर जगह हालत यही बनी हुई पदों की स्वीकृति दर्जनों में है लेकिन वास्तविकता में पदस्थ एक भी नही है। रजवांस का पशु चिकित्सालय पुराने भवन में अब भी संचालित है लेकिन कोई पशु चिकित्सक न स्टाफ मौजूद है, एक पशु चिकित्सक का कागजो में आदेश है। लेकिन वह भी नादररत रहते है। विगत बर्षो पूर्व बुंदेलखंड पैकेज योजनान्तर्गत रजवांस में नवीन पशु चिकित्सालय के भवन का निर्माण का भूमि पूजन 26 फरवरी 2013 में किया गया था। परन्तु वर्तमान में पुलिस चौकी खुली है। उनके पास हैंड ओवर है चौकी के स्वयं का भवन का निर्माण शेष है जो स्वीकृत है लेकिन किन्ही अज्ञात कारणों के चलते अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। वर्तमान समय में रजवांस डिस्पेंसरी में एक पशु चिकित्सक पदस्थ है, पर वो यहां पर सुविधायें देने में असमर्थ है, कारण भवन बैठने योग्य नही है। ना ही कोई व्यवस्थायें है न अन्य कर्मचारी की तैनाती की गई है। ऐसे में पशुपालक किसान बीमार पशुओं का इलाज कराने के लिये प्राइवेट चिकित्सक का सहारा लेना पड़ रहा है। देखभाल के अभाव में पुराना भवन खण्डर हो चला है कभी यह भवन पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करने के लिये पहचाना जाता था। लेकिन जिम्मेदारों का उदासीन रवैये और संसाधनों की कमी से अब यह अपनी पहचान खो चुका है। मौजूदा समय में यह पशु चिकित्सालय पूरी तरह से बदहाल स्थिति में है।

## गाय के हमले से मजदूर की मौत

**सागर, देशबन्धु।** राहतगढ़ बस स्टैंड के पास 27 जुलाई को आवारा गाय के हमले में घायल हुये 47 वर्षीय मजदूर सीताराम अहिरवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सीताराम वल्लभनगर वार्ड का निवासी था। गाय का सींग उसके पेट में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सीताराम 27 जुलाई को शाम के समय राहतगढ़ बस स्टैंड के पास मस्जिद के सामने से गुजर रहा था। तभी एक गाय ने उस पर हमला कर दिया। गाय का सींग उसके पेट में लग गया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सीताराम को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सीताराम को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। लेकिन इलाज के दौरान उसकी तबीयत और बिगड़ गई। मोतीनगर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि सीताराम की मौत आवारा मवेशी के हमले से हुई है। मामले में जांच जारी है और गाय का मालिक कौन है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। अभी तक गाय को आवारा बताया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4236/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- झिरिया रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम झिरिया तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा झिरिया प.ह.न.-10 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-54 रकवा 0.37 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**


## एक महीने से नही उठा कचरा, अफसरों को कुल्हाड़ी दिखाई, नगर पालिका ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत की



**बीना, देश्बान्धु।** सफाई व्यवस्था गंभीर संकट में है, एक महीने से ग्रामीणों के विरोध के कारण शहर का कचरा वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे चारों ओर गंदगी का अंबार लग गया है। इस समस्या का समाधान करने गये प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को गुरुवार को विरोध और अभद्रता का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। नगर पालिका ने शहर के कचरे को इकट्ठा कर आगे भेजने के लिये ग्राम कुरुवा के पास एक वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन बनाया था, लेकिन ग्रामीण इस स्टेशन का विरोध कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिये नपाध्यक्ष लता सकवार, उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगाइयां, एसडीएम विजय डेहरिया सहित कई पार्षद और नेता गुरुवार को ग्राम कुरुवा पहुंचे। शुरुआत में चर्चा शांतिपूर्वक चल रही थी, तभी एक ग्रामीण सुरेंद्र सिंह ठाकुर उग्र हो गया। उसने कुल्हाड़ी दिखाकर अधिकारियों और नेताओं के साथ अभद्रता की, जिससे सभी को बिना किसी समाधान के वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद नगर पालिका ने सुरेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें अभद्रता और धमकी का उल्लेख करते हुये कार्यवाही की मांग की गई है। कचरा निपटान की समस्या से पूरे बीना शहर में गंदगी का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। सड़कों, गलियों और बाजार क्षेत्रों में कचरे के ढेर लग गये हैं। नालियां जाम हो गई हैं, जिससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि इस गंदगी के कारण ग्राहक भी उनकी दुकानों से दूरी बना रहे हैं।

## सांसद ने मुख्यमंत्री को विकास कार्यों और अति वर्षा के कारण सागर और विदिशा क्षेत्र में हुये नुकसान की जानकारी दी



**सागर, देशबन्धु।** सांसद लता गुड्डू वानखेड़े ने नई दिल्ली स्थित लोकसभा भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंटकर सागर लोकसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति और हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण फसलों और नागरिकों को हुये नुकसान की जानकारी से उन्हें अवगत कराते हुये पीड़ित नागरिकों और किसानों को शासन की ओर से हर संभव मदद देने का निवेदन किया। सांसद ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, लंबित परियोजनाओं तथा नागरिकों और किसानों को हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण हुये नुकसान के साथ-साथ सड़कों और पुल पुलियो को पहुंची नुकसान की जानकारी से अवगत कराते हुये मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य स्तर से सर्वे कराकर अति बर्षा के कारण प्रभावित हुये किसानो और नागरिकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने और विकास कार्यो को और गति देने का निवेदन किया, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार विकास कार्यो के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है, साथ ही हाल ही में हुई अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता करने के लिये सरकार उनके साथ खड़ी है।


**CHANGE OF NAME**

I , EX SERVICE NO - 15154275H NAME MUDDARAM SANJEEVA KUMAR SERVING IN MUDDARAM MADDAIAH R/O H.NO 8-167 , BETHAMCHERLA , KURNOOL , ANDHRA PRADESH, PIN - 518206 HAVE CHANGED MY WIFE NAME AND DATE OF BIRTH FROM M PRASANTHI 31/12/1986 TO MUDDAVARAM PRASHANTHI 27/07/1988 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 21/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SHASTRI NAGAR RAMNAGAR, HYDERABAD, TELANGANA.

**CHANGE OF NAME**

I, MANGAL IS MOTHER OF ARMY NO - 4589529N RANK NK NAME MANE RUSHIKESH MANIK SERVING IN 5 MAHAR (BORDER'S) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT POST - LADEWADGOAN , TEH - KAIJ , DIST - BEED, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 451517 HAVE CHANGED MY NAME FROM MANGAL TO MANGALBAI MANIK MANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , MANIK IS FATHER OF ARMY NO - 4589529N RANK NK NAME MANE RUSHIKESH MANIK SERVING IN 5 MAHAR (BORDER'S) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT POST - LADEWADGOAN , TEH - KAIJ , DIST - BEED, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 451517 HAVE CHANGED MY NAME FROM MANIK TO MANIK MOKINDA MANE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, SAFATUN BIBI IS MOTHER OF ARMY NO - 18022797Y RANK SPR NAME SK HAMID AHAMED SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - GUNDICHAPADA , PO - GUNDICHAPADA, DIST - DHENKANAL , STATE - ODISHA, PIN -759025 HAVE CHANGED MY NAME FROM SAFATUN BIBI TO SOFIA BEGUM IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4581183A RANK HAV NAME SATHE SACHIN VASANT SERVING IN 36 DIV CAMP SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - LASALGAON, POST - LASALGAON, TEH - NIPHAD, DIST - NASHIK, STATE - MAHARASHTRA PIN - 422306 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM MANTHAN TO SATHE MANTHAN SACHIN IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 29/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , HIRAWATI DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 572434Y RANK SUB NAME ASHOK SINGH YADAV SERVING IN 9 MAHAR HOME ADDRESS AT SARAI SULTAN , NEWADA , GHAZIPUR, NEWADA , UTTAR PRADESH, 233223 HAVE CHANGED MY NAME FROM HIRAWATI DEVI TO HIRAVTI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


## त्याग की भावना से परिपूर्ण है रामचरितमानसः प्रो. मिश्रा



**सागर, देशबन्धु।** रानी अवन्तीबाई लोधी विवि के हिन्दी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचन्द जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने स्वागत वक्तव्य देते हुये तुलसीदास और प्रेमचन्द की रचनाओं की वर्तमान प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रेमचन्द की बड़े घर की बेटी, ईदगाह कहानी के चरित्रों से शिक्षा लेने का आग्रह किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरू प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि तुलसीदास का रामचरित मानस महाकाव्य त्याग की भावना से परिपूए..र्ा है न कि अधिकार की भावना से, आज हम सभी को रामचरित मानस को मन, वचन और कर्म से अपने जीवन में चरितार्थ करने की आवश्यकता है। रामचरित मानस का प्रतिदिन पाठ करने से आत्मसुख की प्राप्ति होती है। प्रेमचन्द ने अपनी रचनाओं में जीवन की वास्तविकताओं को उजागर किया है। आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया ने कहा कि तुलसीदास का समग्र साहित्य समुद्र की तरह है। जिसमें से एक बूंद के बराबर भी हम कुछ ग्रहण कर पाते हैं तो हमारा जीवन धन्य हो सकता है। वही प्रेमचन्द ने समाज की कुरीतियों का संवेदनशीलता से चित्रण किया है। डॉ. दिनेश अहिरवार ने कहा गोस्वामी तुलसीदास और प्रेमचन्द अपने-अपने समय के श्रेष्ठ रचनाकार हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में तत्कालीन समय और समाज का बखूबी ढंग से चित्रण किया है। इस अवसर पर विवि के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. मिथलेश शरण चौबे ने एवं आभार डॉ. ब्रजेश रिछारिया ने ज्ञापित किया।


**CHANGE OF NAME**

I ,NO - 4582222A RANK L/NK NAME RAJPUT CHANDRAKANT SINGH PYARE SINGH PRESENTLY RESIDING AT 10 , SANJAY PARK , B/H AJAY TENAMENT - 5 , NEAR DHARA COLONY ON KANS , VASTRAL ROAD, AHMEDABAD CITY , AHMEDABAD, GUJRAT, 380026 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM YASH (OLD NAME) TO RAJPUT YASH CHANDRAKANT SINGH (NEW NAME). VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 718/स.अ./ आवंटन/ सागर/2025 दिनांक 31.07.2025

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं. दीनदयाल नगर सागर में स्थित भूखण्ड क्रमांक एलआईजी तृतीय 1246 मंडल द्वारा श्री दिनेश कुमार बडोनिया पिता श्री रामगोपाल बडोनिया को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा दिनांक 28.05.1999 को निष्पादित कराया गया। श्री दिनेश कुमार बडोनिया पिता श्री रामगोपाल बडोनिया द्वारा उक्त भूखण्ड विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 26.10.2015 के माध्यम से श्री रामलाल ठाकुर पिता श्री गुलाबसिंह ठाकुर को विक्रय किया गया। श्री रामलाल ठाकुर पिता श्री गुलाबसिंह ठाकुर द्वारा उनके जीवनकाल में नामिनेशन नहीं किया गया। श्री रामलाल ठाकुर का स्वर्गवास दिनांक 16.04.2021 को हो जाने के उपरांत अपर तहसीलदार मकरोनिया के प्रतिवेदन एवं हल्का पटवारी के संजरा अनुसार श्रीमती रजनी ठाकुर पति श्री रामलाल ठाकुर द्वारा अन्य सभी वारिसों की सहमति के आधार पर उक्त भूखण्ड स्वयं के नाम से नामांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तान्तरण / नामान्तरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**


## भगवान पार्श्वनाथ का मोक्षकल्याणक पर्व मनाया

**मालथौन, देशबन्धु।** जैन धर्म 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्षकल्याणक पर्व के अवसर पर नगर के जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। नगर में विराजमान आर्यिका सूत्रमती के सानिध्य में चल रही पांच दिवसीय पार्श्व नाथ कथा का समापन हुआ। आर्यिका श्री संसघ के सानिध्य में मोक्षकल्याणक पर्व मनाया गया। इस अवसर पर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का महामस्तिका अभिषेक और शांतिधारा पात्रों के माध्यम से किया गया। इसके उपरांत पूजन हुआ और जैन मिलन शाखा की महिलाओं ने 23 किलो का लाडू चढ़ाया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MU SANU था, वर्तमान में मेरा नाम MOHAMMAD SHANU RAYEEN हो गया है जो कि आधार कार्ड में भी दर्ज है। अत: अब मुझे MOHAMMAD SHANU RAYEEN के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावे।

**MOHAMMAD SHANU RAYEEN**
**46/1 MAHATMA GANDHI MARG KATRA WARD, SAGAR, M.P. 470002**

**समक्ष : श्रीमान् नोटरी पब्लिक अधिकारी महोदय, सागर म.प्र.**

**// शपथ पत्र //**

मैं शपथकर्ता पुष्पा देवी व्यास पति जय प्रकाश व्यास जन्मतिथि 13.01.1959 (महिला) निवासी एम.आई.जी. द्वितीय/80 पं. दीनदयाल नगर मकरोनिया मुहाल सागर म.प्र. 470004

मैं शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ :-1. यह कि उपरोक्त स्थान की स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा पासपोर्ट जारी किया गया है, जिसमें मेरा नाम पुष्पा देवी लेख है, जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पा देवी व्यास लेख है जो सही है, मेरे पासपोर्ट का क्रमांक-N6538575 है। 3. यह कि पुष्पा देवी और पुष्पा देवी व्यास दोनों एक ही महिला है, दोनों ही नामों से जाना जाता है एवं पहचाना जाता है। 4. यह कि मेरे पासपोर्ट में जहाँ पर भी पुष्पा देवी लेख है, उस स्थान पर मेरे समस्त दस्तावेजों के आधार पर पुष्पा देवी व्यास एवं मेरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 04.07.1959 लिखी गयी है जो कि गलत है। जबकि सही जन्मतिथि 13.01.1959 है। अतः जन्मतिथि एवं मेरा नाम लेख कर मेरे पासपोर्ट में सुधार किया जावें। 5. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम पुष्पा देवी व्यास दर्ज है, यही नाम पासपोर्ट में दर्ज करवाना चाहती हूँ। 6. यह कि मेरे द्वारा लेख किया गया है वह सही है मेरे द्वारा कोई जानकारी गलत लेख नहीं की गई है।

अतः शपथ पत्र पेश है।

सत्यापन : मैं शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र के पैरा क्रं. 1 लगायत 6 तक के कथन सत्य एवं सही है।

सत्यापनकर्ता : पुष्पा देवी व्यास
लखनलाल राठौर : एडवोकेट/नोटरी
जिला सागर म.प्र.

**CHANGE OF NAME**

I , NAME YEDUKONDALU KATURI HOME ADDRESS AT HIGH SCHOOL,NEAR ZPH SCHOOL, ADAVULADEEVI , GUNTUR , ANDHRA PRADESH, 522262 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM RISHITA TO RISHITHA KATURI . VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SHASHIKALA IS MOTHER OF ARMY NO - 4591827H RANK SEP NAME AMBHORE SOPAN SHRIPAT SERVING IN 5 MAHAR BORDER'S C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - DEULGAON, POST - DEULGAON, TEH - PATUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN - 444501 HAVE CHANGED MY NAME FROM SHASHIKALA TO SHASHIKALA SHRIPAT AMBHORE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4239/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- रेंगाझोली रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम रेंगाझाली तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा रेंगाझोली प.ह.न.-29 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-201 रकवा 2.99 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4241/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- बमनी रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम बमनी तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा बमनी प.ह.न.-15 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-221 रकवा 0.54 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4238/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- नाहरमऊ रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम नाहरमऊ तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा नाहरमऊ प.ह.न.-13 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-788 रकवा 92.69 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4237/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- केवलॉरी खुर्द रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम केवलारी खुर्द तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा केवलॉरी खुर्द प.ह.न.-09 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-251 रकवा 1.97 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4242/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- सहजपुर रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम सहजपुर तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा सहजपुर प.ह.न.-03 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-98 रकवा 3.65 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**न्यायालय तहसीलदार केसली, तहसील-केसली जिला सागर (म.प्र.)**

क्रमांक/4240/ री-1/ 2025

केसली दिनांक 17/07/2025
ग्राम- सरदई रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर

**// इश्तहार //**

जरिए इश्तहार ग्राम सरदई तहसील केसली के ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड सागर द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा सरदई प.ह.न.-16 रा.नि.म. केसली स्थित भूमि ख.न.-17/2 रकवा 14.56 हे. में से 0.09 हे. भूमि आवंटन हेतु प्रकरण श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्य से जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत दिनांक के पश्चात कोई भी आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी ।

आज दिनांक 17/07/2025 को न्यायालयीन पदगुंद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**केसली, जिला-सागर (म.प्र.)**

**CHANGE OF NAME**

I, SANGEETA SPOUSE OF NAME BIRAJDAR MAHADEO AMRIT HOME ADDRESS AT JALIHAL BUDRUK , TAL JATH , JALYAL BK , SANGLI, TIKUNDI , STATE - MAHARASHTRA, PIN - 416412 HAVE CHANGED MY NAME FROM SANGEETA TO SANGEETHA MAHADEV BIRAJDAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, SK FAINA IS FATHER OF ARMY NO - 18022797Y RANK SPR NAME SK HAMID AHAMED SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - GUNDICHAPADA , PO - GUNDICHAPADA, DIST - DHENKANAL , STATE - ODISHA, PIN -759025 HAVE CHANGED MY NAME FROM SK FAINA TO SK FAIN IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 31/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**कार्यालय सामान्य वन मंडल छतरपुर (म.प्र.)**

जवाहर रोड, छत्तरपुर (म.प्र.) 471001 (Ph.)07682-245316 (O), 245316 (Fax)
E-mail: dfotchtpur@mp.gov.in

क्रमांक / राजस्व/2025/3512 छतरपुर, दिनांक.25.07.2025

प्रति,
श्री हबीब उल रहमान तनय श्री अनवर खां निवासी रजाहॉल के सामने पुलिस लाईन रोड शिवाजी वार्ड नं. 25 छतरपुर ।

**विषय :**-आरामशीन नामांतरण के संबंध में।

**संदर्भः**- वन संरक्षक वन वृत्त छतरपुर का पत्र कमांक / संरक्षण/2025/1841 दिनांक 15.07. 2025 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक / संरक्षण/विविध/3096 भोपाल दिनांक 09.07.2025

विषयांकित में लेख हैं कि संदर्भित पत्र से प्राप्त निर्देशानुसार आरामशीन नामांतरण के संबंध में राज्य स्तरीय गठित की 43वीं बैठक दिनांक 09.06.2025 के एजेण्डा कमांक 1.61 में उल्लेख किया गया है कि समिति द्वारा प्रस्ताव इस शर्त पर लेख अनुमोदित किया गया है कि परिवार के जिस सदस्य के नाम पर अनुज्ञप्ति नामांतरित किया जाना प्रस्तावित है उस पर किसी अन्य सदस्य को कोई अपत्ति नहीं है। इस हेतु प्रदेश के दो ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों में जिनका क्षेत्र में सर्वाधिक चलन हो, इस आशय की जाहिर सूचना 15 दिवस का समय देते हुए छपवाई जावे। उक्त सामाचार पत्रों में प्रकाशन का व्यय आवेदक द्वारा स्वयं वहन किया जावेगा।

उक्त के संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि प्रदेश के दो ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों में इस आशय की जाहिर सूचना छपवाई जावे, तथा जिन समाचार पत्रों में आपके द्वारा सूचना प्रकाशन किया गया है उसकी प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि प्रकरण में नांमातरण संबंधी कार्यवाही की जा सके।

**वन मंडलाधिकारी सा. वन मंडल छतरपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रमांक/प्रकाश/ न.नि. /2025/54 सागर दिनांक 30.07.2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम सागर द्वारा पार्षद निधि से नई स्ट्रीट लाईट फिटिंग क्रय हेतु निर्धारित मानक ( संलग्न अनुसार)ऑन लाईन प्रति नग दर पर फिटिंग क्रय हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

| ऑन लाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|
| 2025 _UAD_ 441050_1 | LED स्ट्रीट लाईट फिटिंग क्रय करने हेतु आनलाइन दरों का आमंत्रण (संलग्न सूची अनुसार) वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये | 15,00,000/- | 11250/- | 2000/- |

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर जाकर Directorate Urban Administration and Development विभाग के अंतर्गत निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
2. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 01.08.2025 समय सुबह 10.30 से दिनांक 01.09.2025 समय शाम 05.30 तक सिर्फ ऑनलाइन क्रय एवं जमा किये जा सकते है।
3. निविदा दर सिर्फ ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी।
4. GST शासनादेश अनुसार देय होगा ।
5. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन या शुद्धिपत्र जारी होने की स्थिति में सिर्फ ऑनलाइन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किये जावेंगें न कि किसी समाचार पत्र में।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर**

## सार समाचार

### वन रक्षक ने कोबरा सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** पुलिस लाइन के पीछे स्थित अयोध्यापुरी कॉलोनी में बुधवार रात एक मकान में काला कोबरा सांप निकला। मकान मालिक जीतेंद्र द्विवेदी ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे घर के दरवाजे पर काला सांप दिखाई दिया।

जब उन्होंने सांप को भगाने का प्रयास किया तो वह कमरे में घुस गया और अलमारी के पीछे छिप गया। द्विवेदी ने तुरंत वनरक्षक दीपेश प्रजापति को सूचित किया। वनरक्षक मौके पर पहुंचे और सुरक्षित तरीके से सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद किया। बाद में उन्होंने देर रात सांप को वन विभाग के रमन्ना जंगल में छोड़ दिया। वनरक्षक दीपेश प्रजापति ने बताया कि यह काला कोबरा प्रजाति का सांप था, जो अत्यधिक जहरीला होता है और रात के समय सक्रिय होता है।

### खस्ताहाल सड़कें मिट्टी डालने से बनी दलदल,

# मोटरसाइकिल चालक फंसे पार्षद ने जेसीबी से हटवाई कीचड़

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सुभाष पुरम कॉलोनी की सड़क पूरी तरह खस्ता हाल हो गई है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों की शिकायत पर बुधवार रात नगर पालिका ने सड़क पर मिट्टी डाली। लेकिन मिट्टी डालने के बाद स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ गई। दो पहिया और चार पहिया वाहन मिट्टी में फंसने लगे। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।



गुरुवार सुबह लोगों ने वार्ड पार्षद अजय यादव को इसकी सूचना दी। समस्या की गंभीरता देखते हुए पार्षद जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और सड़क से मिट्टी हटवाई। स्थानीय निवासी सुदीप मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से सड़क खस्ता हाल है। नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है। पीडब्ल्यूडी विभाग का दावा है कि कुछ साल पहले नगर पालिका ने सीसी सड़क बनाई थी। दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। इसी कारण सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है और लोग परेशान हैं। इस मामले में जब नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया को फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

## छड़ी निशान की पूजा अर्चना का शुभारम्भ हुआ

**आष्टा, देशबन्धु।** श्रावण माह में वाल्मीकी समाज अराध्य गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद लोक देव जाहर वीर गोगा महाराज की छड़ी निशान पूजा अर्चना वाल्मीकी समाज के समाजजनों द्वारा चार स्थानों पर की जाती है। छड़ी निशान संरक्षक राहुल वाल्मीकी द्वारा बताया गया की वाल्मीकि दल, हाथीखाना दल, गोगा जी दल डाबरी, वाल्मिकी गोगा दल चारों स्थानों पर गोगा महराज की पूजा अर्चना होती है जिसमें आशीष भगत पूरे सवा माह अखंड उपवास करते हैं वहीं सतीश भगत, अनिल भगत, आशीष भगत डाबरी चार भगत है और सभी वाल्मीकि समाज गोगा भक्त पूरे सवा माह नंगे पांव रखकर उपवास करते है। इस वर्ष वाल्मीकि दल का अध्यक्ष ध्रुव तंम्बोली, उपाध्यक्ष ध्रुव चंदेल, हाथि खाना दल अध्यक्ष शुभम सारवान उपाध्यक्ष अमित सांगते ग्राम डाबरी अध्यक्ष बनवारी लाल पंवार, मोहन लाल भीलखेड़ी, जीवन करोसिया, प्रकाश करोसिया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अगले दिन गोगा नवमी पर वाल्मिकी समाज द्वारा भव्य चल समारोह गोगा महराज छड़ी निशान के साथ नगर में निकाला जाएगा ।

## पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहे बच्चे: मुनिश्री

**आष्टा, देशबन्धु।** जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर उपसर्ग विजेता पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव के पावन दिवस पर समाज के मासूम बच्चों ने अल सुबह से मंदिर में आकर भगवान के अभिषेक,शांति धारा देखकर मोक्ष फल चढ़ाया और धर्म आराधना करते हुए अपने माता-पिता एवं परिवार तथा पाठशाला द्वारा दिए गए संस्कारों की झलक के साथ ही पार्श्वनाथ भगवान के प्रति समर्पण देखकर मन काफी प्रफुल्लित हुआ। उक्त बातें पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सजग सागर एवं सानंद सागर मुनिराज ने भगवान श्री पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर आचार्य विद्यासागर प्रामाणिक पाठशाला के सौ से अधिक बच्चों के द्वारा तीस घंटे का निर्जला उपवास तपस्या के दौरान धर्म आराधना कराते समय कहीं। मोक्ष सप्तमी पर प्रात: से ही पाठशाला के तपस्यारत बालक बालिकाएं किला मंदिर में उपस्थित रहे।

# 1 करोड़ 13 लाख की लगात से जर्जर स्कूलों की मरम्मत, मिली मंजूरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जर्जर स्कूल भवन,क्षतिग्रस्त इमारतों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में परीक्षण पश्चात 51 शासकीय विद्यालयों को जर्जर भवन,क्षतिग्रस्त घोषित किया गया है, जिनकी मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिये शासन से 1.13 करोड़ रूपये की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है ।

मरम्मत का कार्य शाला विकास समिति द्वारा किया जायेगा। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि जर्जर स्कूली भवनों एवं क्षतिग्रस्त इमारतों पर छत मरम्मत वाले कार्यों को पहले प्राथमिकता दें। मरम्मत संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही या निम्न गुणवत्ता नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। साथ ही निर्माण कार्य पालकों के साथ मिलकर सहयोगात्मक रूप से 15 दिवस में पूर्ण किया जाये।

श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि ऐसे स्कूल जिनका मरम्मत या जीर्णोद्वार हेतु चिन्हांकन रह गया है, उनको भी निरीक्षण कर सूची में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालन में छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। इसके पश्चात उन्होंने निर्देशित किया कि अतिसंवेदनशील भवनों को सबसे पहले सुधारा जाये। साथ ही चयनित 51 स्कूलों की जर्जर भवनों एवं क्षतिग्रस्त इमारतों की छतों की मरम्मत कर सुरक्षित की जाये।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान, डीपीसी आरपी त्रिपाठी, ईई आर.ई.एस. देवानंद शुक्ला, बीआरसी, इंजीनियर्स तथा संबंधित शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने पौधे लगाए और व्यसन मुक्त समाज का लिया संकल्प



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** शासकीय सीनियर बेसिक हाई स्कूल के सभागार में गुरुवार को प्रकृति सेवा संस्थान समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण और व्यसन मुक्त समाज विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व कल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बीके नायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण सुरक्षा में योगदान देने का आह्वान किया। प्रकृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि 31 दिसंबर तक पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन जागृति महा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों, युवाओं और किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

महा अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण और दुर्व्यसन से दूर रहने का संकल्प दिलाया जा रहा है। अभियान के प्रमुख बिंदुओं में गौ संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैविक खेती और योग के प्रति जागरूकता शामिल है। कार्यक्रम में युवाओं में बढ़ती नशे की लत को दूर करने और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बी. के. नायक, जगदीश द्विवेदी, संजय दुबे, दीनदयाल अहिरवार, कृष्ण तिवारी, विनोद भगत, आशुतोष नामदेव सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## स्पेलर में हाथ फंसने से युवक का हाथ कटा, जिला अस्पताल में कराया भर्ती



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी बराना में आज गुरुवार को हनुमान जी मंदिर के पास स्थित एक आटा चक्की पर दर्दनाक हादसा हो गया। आटा चक्की पर लगे स्पेलर पर आज एक युवक मूंगफली का तेल निकलवाने के लिए गया था। इस दौरान युवक का हाथ स्पेलर मे फंस जाने से उसका हाथ शरीर से कटकर अलग हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्षमन केवट पिता लालाराम केवट 18 साल निवासी प्रतापपुरा आज गुरुवार को मूंगफली का तेल निकलवाने के लिए ग्राम बम्होरी में हनुमानजी मंदिर के पास स्थित साहू की आटा चक्की पर गया था। वहां स्पेलर पर तेल निकलते समय अचानक युवक का स्पेलर में फंस गया और हाथ शरीर से कटकर अलग हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग व परिजन गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल टीकमगढ़ ले गए हैं। इस घटना को लेकर बम्होरी सहित आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई।

# स्टेट बैंक परिसर में नहीं पार्किंग व्यवस्था, हाइवे किनारे खड़े हो रहे वाहन

**▶ अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बुजुर्ग घायल**



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** टीकमगढ़ झांसी हाइवे सड़क किनारे दिगौड़ा कस्बा में स्टेट बैंक संचालित है। बैंक के परिसर में वाहन खड़े करने के लिए किसी भी प्रकार की पार्किंग व्यवस्था नहीं है, जिससे बैंक के सामने ही प्रतिदिन उपभोक्ताओं के कई वाहन खड़े रहते हैं। हाइवे सड़क किनारे यह वाहन खड़े होने से बुधवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस घटना में बुजुर्ग घायल हो गए।

बुधवार की दोपहर को एक बुजुर्ग अपने नाती के साथ टीकमगढ़ तरफ से दिगौड़ा आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक स्टेट बैंक के पास पहुंची तो वहां पर पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से सड़क किनारे कई वाहन खड़े थे। इसी दौरान आगे जाने वाली बाइक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बुजुर्ग की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और इस घटना में बुजुर्ग को चोट आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बुजुर्ग व उनके नाती को उठाकर उनकी मदद की। स्थानीय लोगों ने कहा है कि स्टेट बैंक में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से बैंक उपभोक्ता अपने वाहनों को हाइवे सड़क से लगाकर ही खड़ा कर देते हैं जिससे ऐसी घटनाएं सामने आती हैं और इसी समस्या से यहां पर वाहनों का आए दिन जाम लग जाता है। लोगों ने स्टेट बैंक प्रबंधन से बैंक उपभोक्ताओं के वाहनों को रखने के लिए पार्किंग व्यवस्था की मांग की गई। लोगों ने कहा है कि इस समस्या से यदि कोई बड़ी घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

## रक्षाबंधन: नगर में सजने लगी हैं राखी की दुकानें

**आष्टा, देशबन्धु।** रक्षाबंधन को अभी एक सप्ताह शेष है, बाजारों में एक से बढ़कर एक राखी की दुकान सजने लगी है। अभी ग्राहकी काफी कम है फिर भी बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बेसब्री से राखी के दिन का इंतजार कर रही है और अपने भाई के लिए तरह तरह की राखी खरीद रही हैं।

इस बार नगर में गणेशजी वाली राखी, ओम लिखी, पेंडिल, आखें, पत्ते डोरी सहित लगभग 25 प्रकार की राखी की दुकाने नगर में सज चुकि हैं। राखी का प्रमुख बाजार खत्री मार्केट, बड़ा बाजार रहता है इसके अलावा भी नगर के विभिन्न चौराहों पर आसानी से राखी की सजी हुई दुकानें देखी जा सकती है। रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। राखी के निर्माता और विक्रेता गोपाल कुश्वाह ने बताया कि पिछले लगभग 10 वर्षों से राखी बनाते आ रहे है। राखी बनाने में कम खर्चा लगता है और बनी बनाई राखी थोक में खरीदने के बाद भी कम मुनाफा मिलता है इसलिए हम खुद बनाते है और विक्रय भी करते हैं।

### एक लाख से अधिक का लगाया जुर्माना

## आयकर जीएसटी विभाग ने बिजली के सामान से भरे लोडिंग वाहन को पकड़ा



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** क्षेत्र के अंतर्गत आयकर(जीएसटी) विभाग ने एक लोडिंग वाहन को पकड़कर कार्यवाही की गई और दिगौड़ा पुलिस की सुरक्षा में सौंपा गया। लोडिंग वाहन द्वारा बिजली के सामान का टैक्स न भरने पर विभाग ने इस लोडिंग वाहन पर एक लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। इस लोडिंग वाहन में बिजली की केविन, कनेक्शन बॉक्स सहित अन्य बिजली का सामान भरा हुआ था। मौके पर वाहन चालक के पास जीएसटी से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले थे।

दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि 27 जुलाई को सहायक आयुक्त राज्य कर टीकमगढ़ शिव प्रताप सिंह द्वारा एक लोडिंग पिकअप वाहन को पकड़कर पुलिस थाने में लाया गया। लोडिंग वाहन में बिजली से संबंधित कई तरह का सामान भरा था। जीएसटी अधिकारी को मौके पर टैक्स से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले, जिस पर उन्होंने तब वाहन को जप्त कर पुलिस थाने की सुरक्षा में सौंपा गया। पुलिस ने बताया है कि आयकर (जीएसटी) विभाग ने इस लोडिंग वाहन पर टैक्स न चुकाने पर 1,26,260 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### चल रहा संगीतमय वैदिक सत्संग,विदुषी प्रवचकर्ता अंजलि आर्य ने कहा-

# यज्ञ हमारी मानसिक, शारीरिक और पर्यावरणीय शुद्धि का आधार

**आष्टा, देशबन्धु।** यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण से उच्च कोटि की ध्वनि तरंगे सकारात्मक ऊर्जा पैदा करती है। हवन द्रव्य वातावरण को शुद्ध सुंगधित और स्वस्थ करते हैं । इससे बैक्टेरिया और वायरस की कमी होती है। आर्य समाज ने वैदिक यज्ञ को शुद्धि का समग्र साधन माना है। यह केवल धार्मिक क्रिया ही नही बल्कि दैनिक जीवन मे नियम पूर्वक की जाने वाली ऐसी पद्धति है जो हमारे सामाजिक, शारीरिक और मानसिक पर्यावरणीय विकास का आधार है। उक्त विचार विदुषी प्रवचन कर्ता अंजलि आर्य ने नगर में चल रहे संगीतमय वैदिक सत्संग के दौरान नित्य चल रहे यज्ञ की महत्ता को बताते हुए व्यक्त किये । पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने भी साथियों के साथ यज्ञ में आहुति देते हुए नगर और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। श्री परमार ने वैदिक सत्संग एवम




यज्ञ के वैज्ञानिक स्वरूप का अनुमोदन करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों का यही उद्देश्य होना चाहिए कि लोग इसके तार्किक और वैज्ञानिक स्वरूप से प्रेरित हो कर आडम्बर और कुरीतियों से दूर हो। विदुषी प्रवचनकार अंजलि आर्य ने अपने प्रखर विचारों से हम सभी को बहुत प्रभावित किया है। उनके प्रवचनों से सचमुच ही धार्मिक आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना को बल मिल रहा है। पूर्व नपाध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सुश्री अंजलि आर्य का स्वागत किया। आर्य समाजी तथा कार्यक्रम के समन्वयक मनोज सोनी काका,आर्य समाज के स्थानीय प्रधान बाबूलाल आर्य, धरम सिंह आर्य,राधा कृष्ण धारवां आदि ने कैलाश परमार ,प्रभुप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, मुकेश ताम्रकार, हरिचरन वर्मा आदि का विदुषी प्रवचनकार से परिचय कराया। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी को यज्ञ में शामिल कराते हुए यज्ञ पुस्तिका भेंट की। स्थानीय मानस भवन में अयोजित संगीतमय वैदिक सत्संग के आज द्वीतीय दिवस पर प्रखर वक्ता अंजली आर्य ने अपने तेजस्वी उदबोधन में बताया कि सत्य सनातन वैदिक धर्म के सर्वमान्य ग्रंथ है, वैद। जो बडे-बडे वैज्ञानिक खगोलिय ब्रह्माड के सिद्धांतों की बात करते है, वह सभी सिद्धांत आज से हजारो वर्ष पूर्व हमारे वेदो में समाहित है, वही आष्टा वासिया की प्रशंसा करते हुए आज की युवा पीढी मोबाइल, सोशल मीडिया पर चिंता जाहिर करते हुए माता पिता और गुरू की महत्ता को साफ स्पष्ट शब्दो में उजागर किया। मातृ शक्ति का विशेषकर निवेदन किया कि अपने बच्चों को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की तरह बनाए, उसके लिए आपको बनना होगा, कौशल्या माता। प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 10 बजें तक वैदिक यज्ञ का आयोजन होता है, उक्त यज्ञ में स्वंय अंजली आर्या मंत्रो एवं संगीतमय ध्वनी के साथ यज्ञ करवाती है।

### पाल समाज के भी घुमक्कड़ जाति सर्टिफिकेट बनाएं टीकमगढ़ में

# विमुक्त घुमंतू व अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के बैनर तले प्रदर्शन

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले में पाल समाज ने गुरुवार को विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के बैनर तले कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की।

संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के आदेश के अनुसार, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जनजाति की सूची में धनगर के साथ-साथ उपजाति के रूप में गड़रिया, कुरमार, हटकर, हाटकर, गाडरी, धारिया, गोसी, ग्वाला (गड़रिया), गारी, गायरी और गड़रिया (पाल, बघेले) को शामिल किया गया है। इससे इन सभी उपजातियों को घुमक्कड़ योजनाओं का लाभ मिल सकता है।




प्रकाश पाल ने बताया कि पहले टीकमगढ़ जिले में लगातार ये जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे, लेकिन अब टीकमगढ़ और जतारा के अनुविभागीय अधिकारी कहते हैं कि पाल गडरिया (पाल, बघेले) के प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाएंगे, जबकि राज्य के अन्य सभी जिलों में ये प्रमाण पत्र लगातार जारी किए जा रहे हैं।

पाल समाज ने कलेक्टर से मांग की है कि टीकमगढ़ के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किया जाए, जिससे गड़रिया (पाल, बघेले) के घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र जारी हो सकें और समाज के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रदर्शन कारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना प्रदर्शन और बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### बाढ़ ग्रस्त लोगों की मदद में उठे सैकड़ों हाथ

# शासकीय विभागों सहित निजी क्षेत्रों की संस्थाओं के साथ लोगों ने की व्यक्तिगत मदद

**दमोह/तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** दमोह जिले के ग्राम में बीते दिनों दमोह जिले के ग्राम झामरा-खमतरा में भारी वर्षा के चलते बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। पानी लोगों के घरों में घुस आया, जिससे घरों का राशन, अनाज और आवश्यक घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। ग्रामीणों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया। ऐसे कठिन समय में, जब हर तरफहाहाकार और निराशा का माहौल था, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन और मां भारती स्वयं सहायता समूह ने मिलकर एक मानवीय पहल की। दोनों संस्थाओं ने आपसी सहयोग से राहत सामग्री के रूप में नमकीन, बिस्किट, पेयजल की बोतलें तथा तैयार भोजन के पैकेट जरूरतमंद ग्रामीणों तक पहुँचाए ।



तेंदूखेड़ा तहसील के तारादेही परीक्षेत्र के वनांचल में अत्यधिक बारिश से गांव खमतरा झमरा कोसमदा सहित बाढ़ प्रभावित विभिन्न गांव में राशन एवं भोजन सामग्री सुबह एवं शाम की व्यवस्था माननीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह के अनुज सत्येंद्र भैया के मार्गदर्शन मे संकट के साथियों के माध्यम से की जा रही है जिसमें शासन एवं प्रशासन का भी संपूर्ण सहयोग इस व्यवस्था में मिल रहा है।

संपूर्ण व्यवस्था में एसडीम सौरभ गंधर्व एवं सीईओ जनपद मनीष बागरी द्वारा मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही है। विशेष रूप से हेल्पिंग इंडिया से कमलेश साहू, विधायक के साथीगण, वनविभाग से भगवानदास सेन, सर्किल प्रभारी स्वास्थ्य विभाग से तेंदूखेड़ा बीएमओ की टीम, जनपद से आकाश साहू, सीईओ मनीष बागरी, मेघा पटेल रेंजर द्वारा खाद सामग्री, राजू रसिया, मूरत सिंह सहित अन्य मददगारों ने लोगों की मदद की ।

## बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु भारतीय हिंदू महासंघ का मानवता सेवा अभियान



**दमोह, देशबन्धु।** मूसलाधार बारिश से दमोह के अनेक गांव बाढ़ प्रभावित है जिससे वहाँ के निवासियों को मुश्किलें का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय हिन्दू महासभा दमोह द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय हिंदू महासंघ द्वारा एक मानवीय पहल की जा रही है जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 400 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किये गए। इस मानवीय कार्य में प्रदेश संगठन मंत्री सीताराम पटेल, जिला अध्यक्ष उदित सोनी, जिला उपाध्यक्ष जागेश राठौर, राकेश विश्वकर्मा, प्रहलाद पाल, कमलेश अहिरवार, पवित्र राज्य, मुकेश पटेल, जितेंद्र अहिरवाल, रितेश सेन, अजय सोनी, दीपेश रैकवार एवं संगठन के अन्य सक्रिय सदस्य बाढ़ पीड़ितों की सहयोग हेतु तत्पर हैं।

## इस माह 4 दिवस बंद रहेगी मॉस-मछली की दुकाने

**दमोह, देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने माह अगस्त 2025 में आने वाले त्यौहारों/पर्व यथा 09 अगस्त रक्षाबंधन, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त जन्माष्टमी एवं 27 अगस्त गणेश चतुर्थी पर दमोह जिले की राजस्व सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

जिला मजिस्ट्रेट कोचर ने कहा है कि आदेश का उल्लंघन दृष्टिगत होता है तो दमोह हेल्पलाईन नम्बर 07812-350300 में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। उक्त शिकायत तत्काल संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रेषित की जायेगी। ज्ञातव्य है खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए पशु मॉस तथा मछली को विक्रय पर पूर्णतरू प्रतिबंधित किया गया है। इसी क्रम में विशिष्ट अवसरों पर स्थानीय निकायों की सीमाओं में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकाने बंद रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत जागरूकता सेमिनार का आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दमोह में एक जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह की सहायक प्राध्यापक एवं साइकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना पांडे उपस्थित रहीं। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों, युवाओं पर उसके मानसिक प्रभाव तथा इससे बचने के उपायों पर गहन विचार साझा किए। डॉ. पांडे ने बताया कि युवावस्था में लिया गया नशा जीवन को अनेक स्तरों पर प्रभावित करता है, जिससे न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएँ, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने की प्रतिज्ञा ली।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य टी.के श्रीवास्तव ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम का समन्वय रोहित यादव द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय स्टाफएवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे महाविद्यालय परिवार द्वारा ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करते रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## ग्राम चराई टोला में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरण किया



**दमोह, देशबन्धु।** लायंस क्लब दमोह अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल और लायंस क्लब दमोह दमयंती के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के तत्वाधान में सदस्यों ने ग्राम पंचायत बालाकोट के अंतर्गत गांव चराई टोला में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री (आटा, दाल, चावल, सब्जी नमक आदि के थैलों) का वितरण किया। लायन डॉ.एस के खत्री, राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र बजाज, राकेश अग्रवाल, मदन अरोरा, निशांत चौरसिया, अभिषेक गोयल, मनोज टंडन, बृजेंद्र राठौर, जुगल अग्रवाल, कवीश ताम्रकार, दिलीप जैन सहित लायंस साथी सहयोगी रहे। दमोह जिले में बाढ़ के हालत बनने के कारण जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक एवं सेवा संस्थानों से आग्रह किया गया था, लायंस क्लब ने प्रशासन को आगे भी मदद का आश्वासन दिया।

## माध्यमिक शाला मे विश्व मानव दुर्व्यापार विरोध दिवस मनाया



**दमोह, देशबन्धु।** संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना पार्ट 03 के अन्तर्गत 30 जुलाई 2025 दिन बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला नगर हिण्डोरिया एवं रेलवे स्टेशन बम्होरी (बांदकपुर) में विश्व मानव दुर्व्यॉपार विरोध दिवस फावाड़ा के समापन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मे बाल विवाह एवं मानव दुर्व्यापार मुक्त व्यक्ति, समाज एवं देश निर्माण की सामूहिक शपथ भी सभी उपस्थितजनों को दिलाई गई। उक्त बरसते पानी के बीच आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर, शाला प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग एवं मुख्य वक्ता के रूप में संकल्प समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, मनीष सोनी मीडिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजात खान मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत ना यह तेरा ना यह मेरा। ईश्वर का सब राज है के सामूहिक गीत गायन के साथ की गई। इसके पश्चात विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर वक्ता देवेंद्र दुबे एवं मनीष सोनी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। सोनी ने बताया कि किस तरह से आज समाज में इस विषय को लेकर व्यापक सहभागिता, सहयोग एवं जागरूकता की आवश्यकता है। श्री दुबे ने कहा कि विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के आयोजन का मूल उद्देश्य इसके प्रति लोगों में हर स्तर पर जन जागरूकता लाना है। थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति के बारे मे प्रकाश डालते हुये कानून सम्मत अनेक जानकारी दी। वक्ता सुजात खान ने बच्चों की नैतिक शिक्षा एवं थीम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत मे आयोजन की सराहना करते हुये आभार प्रदर्शन प्राचार्य अनिल गर्ग ने किया। शाला मे आयोजित कार्यक्रम के पश्चात रेलवे स्टेशन बम्होरी पहुँच कर संस्था की टीम ने वहाँ मौजूद मुसाफिरों, यात्रियों को भी विष्यान्तर्गत जागरुक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकल्प समाज सेवी संस्था से दर्शन नामदेव, मनोज रजक एवं शालेय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एलुमिनाई मीट का आयोजन संपन्न



**दमोह, देशबन्धु।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दमोह में 26 जुलाई 2025 को एक गरिमामयी एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया, जिसमें सन् 1985 बैच के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व छात्रगण स्नेहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में गोविंद उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति व सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही गोविंद उपाध्याय एवं राजीव द्वारा भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत सभी दिवंगत आत्माओं पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस श्रद्धांजलि सभा ने पूरे आयोजन को एक भावुक एवं सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य टी.के. श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सिविल विभाग के तत्कालीन विभागाध्यक्ष ए.के. नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वर्तमान विभागाध्यक्ष (सिविल) रोहित यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने एलुमिनाई की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए महाविद्यालय के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव को पुन: उजागर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ संस्थान के संबंधों को प्रगाढ़ करना एवं आने वाली पीढ़ियों को उनके अनुभवों से लाभान्वित करना रहा। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन जितेंद्र खरे द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम समन्वयक के रूप में कपिल मिश्रा कल्याण सिंह दिनेश तिवारी द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई।

## हरियाली यात्रा के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**दमोह, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति द्वारा संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटैल के नेतृत्व में पथरिया विकासखंड अंतर्गत सदगुंवा सेक्टर के हनुमंत लला सरकार सिद्ध हनुमान मंदिर ग्राम भौंरासा में नवांकुर सखियों के साथ हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाओं की सहभागिता रही सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजज्वलन एवं कलश का पूजन अर्चन कर किया गया नवांकुर सखियों द्वारा यात्रा के माध्यम से ग्रामीण जनों को प्रकृति संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया कार्यक्रम के दौरान सभी सखियों को ग्यारह-ग्यारह पौधे नवांकुर संस्था द्वारा प्रदान किए गए साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्थित नक्षत्र वाटिका में पौधारोपण किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य सलाहकार शिवनारायण पटैल, पथरिया जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आरती पटैल, सरपंच भरत पटैल, संभागीय समन्वयक दीनेश कुमार उमरैया, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव , विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, वंदना जैन, जल योद्धा दिलीप कुमार पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजन की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने रखा कार्यक्रम का कुशल संचालन नवांकुर संस्था के अध्यक्ष एवं जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल ने किया एवं आभार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल, रामसेवक सिंह लोधी, अमित पटेल, रामकृष्ण पटेल, विकास पटेल, सहित ग्राम में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं ग्राम पंचायत के अनेक पंच, वरिष्ठ जनों, नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

### नवागत संभागायुक्त ने ली समीक्षा बैठक

# पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन : संभागायुक्त

- समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के दिए निर्देश
- निरीक्षण व्यवस्था को बनाएं प्रभावी

***पन्ना, देशबन्धु।*** *शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी हितग्राहीमूलक योजनाओं में बगैर कारण के राशि भुगतान में विलंब न हो। सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ तन्मयता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें। यह बात सागर संभाग के नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में संपन्न विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पन्ना के प्रथम प्रवास के दौरान आयोजित परिचयात्मक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।*

*कमिश्नर श्री सुचारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष कार्यों को बारिश के बाद अनवरत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्डवार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण की कार्ययोजना पर चर्चा कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को मीनू अनुसार पौष्टिक भोजन के वितरण, रसोईयों का समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निराकरण सहित कल्याणी विवाह योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के परीक्षण व टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों को भी तय समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी। साथ ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित साइट वेरीफिकेशन कार्य भी जल्द पूर्ण कराने तथा निरंतर रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कार्य उपरांत समानांतर रूप से रोड रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।*

***31 अगस्त तक हैण्डओवर करें सांदीपनि विद्यालय पन्ना का भवन :*** *कमिश्नर श्री सुचारी ने सांदीपनि विद्यालय पन्ना के निर्माण एजेन्सी के अधिकारी से भवन पूर्णता तथा गुणवत्ता संबंधी कार्यों की जानकारी लेकर आगामी 31 अगस्त तक भवन हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 31 अक्टूबर तक जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण का कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा।*

*इस दौरान सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में गत वर्ष से बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए। सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों के कार्य की सतत्*



*मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पोषण आहार वितरण की निगरानी व सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी कराने, लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना में समस्त पात्र बालिकाओं व महिलाओं को लाभांवित करने सहित पोषण पुर्नवास केन्द्रों को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन स्थिति की जानकारी लेकर गत वर्ष में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों को खराब रिजल्ट के कारणों पर फोकस कर वर्तमान सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर किताब वितरण, संस्था में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों से साईकिल वितरण कराने सहित सतत रूप से शालाओं के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।*

***नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरण न रहें लंबित :*** *कमिश्नर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भी पाबंद किया जाए, जिससे पक्षकारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। अपरिहार्य कारणों से राजस्व न्यायालय में न बैठने की स्थिति में पूर्व सूचना दें। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को दौरा प्रोग्राम निर्धारित कर टूर डायरी संधारित करने के लिए भी कहा। साथ ही नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में समय पर वांछित कार्यावाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी की बगैर दर्ज किए कोई भी प्रकरण लंबित न रहें तथा प्राथमिकता क्रम से आवेदकों के सीमांकन प्रकरणों का निपटारा हो। अधीक्षक भू अभिलेख को डिजिटाईजेशन कार्य एवं जीर्ण-शीर्ण नक्शों संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल बीमा के प्रकरणों में सूक्ष्मता से निरीक्षण की बात भी कही। श्रम विभाग अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर स्थानीय निकायों के संबल योजनाओं के प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों में भी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग अंतर्गत पौधरोपण कार्यों की जानकारी ली। इसके अलावा खाद्य विभाग अंतर्गत तीन माह के एकमुश्त राशन का पारदर्शिता के साथ वितरण तथा समय पर खाद्यान्न उठाव के निर्देश भी दिए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत उद्यानिकी फसलों के रकबा तथा विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के संबंध में पूछा।*

***कृषि विभाग का मैदानी अमला किसानों के सतत संपर्क में रहे :*** *संभागायुक्त द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक से बोवनी की स्थिति, मुख्य फसलों के उत्पादन, बीज वितरण सहित खाद उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के समाधान तथा लाभकारी कृषि कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।*

*पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी को केसीसी, टीकाकरण तथा गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित प्रबंध सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राही चयन के संबंध में निर्देशित किया गया। इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति के भुगतान, छात्रावासों में गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न एवं सामग्री की उपलब्धता सहित शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाभ प्रदान करने सहित नियमित रूप से छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को पाबंद करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शत् प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश भी दिए गए।*

***बिजली आपूर्ति व्यवस्था में लाएं सुधार :*** *कमिश्नर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरेलू, ग्रामीण व कृषि फीडर अंतर्गत बिजली आपूर्ति व वितरण व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जाए। कृषि फीडर में निर्धारित 10 घंटे बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर का भी अविलंब सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो। ग्राम पंचायतों में पेयजल नल कनेक्शन के बेहतर संचालन के लिए भी विद्युत लाइन संबंधी सुधार कार्य तत्काल करें।*

*कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग के पुल-पुलिया में आवश्यक सुधार कार्य के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी को बांधों की मॉनिटरिंग, जानकारी अद्यतन रखने सहित भू अर्जन से संबंधित समस्या के निराकरण एवं विस्थापन राशि के समुचित रूप से वितरण के लिए निर्देशित किया। किसी भी स्थिति में बगैर सूचना के बांध से पानी नहीं छोड़ने एवं स्थिति का आकलन कर पानी छोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत विस्थापित ग्राम एवं परिवारों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

देशबन्धु

## सार-समाचार

### लाडू सजाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** महिला जैन मिलन नेहा नगर शाखा क्षेत्र क्र.10 नेहानगर के अतिशय कारी पारसनाथ भगवान का महामस्ताकाभिषेक हुआ समस्त महिला जैन मिलन परिवार ने पूजन विधान किया। भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक पर लाडू सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बहुत ही सुंदर-सुंदर लाडू तैयार होकर आये जिसमें प्रथम मीना संजय जैन, द्वितीय रुचिता साकेत जैन, तृतीय सुनीता केसी जैन और सभी को सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे। सभी वीरांगनाओं ने भगवान पारसनाथ को लाडू समर्पित किया। कार्यक्रम में संगीता चंदेरिया, अनीता, किरण, मनीषा चंदेरिया, मंजू, बबीता सिंघाई आदि वीरांगनायें सम्मिलित हुई।

### संत रविदास वार्ड में चलाया गया सफाई अभियान



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार के नेतृत्व में सीएमओ पवन शर्मा उपस्थिति में गुरुवार को वार्ड क्र. 16 संत रविदास वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया एवं दवाई का छिड़काव किया गया। मुख्य सड़के गलियों में साफ सफाई की गई। रोड किनारे डले मलवे को उठाया गया। नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार सभी जनप्रतिनिधि के द्वारा सफाई में सहयोग कर श्रमदान किया। उन्होंने सभी से अपील की कचरे को कचरा गाड़ी में ही डाले यहां बहा न फेंके। इस अवसर पर विवेक सक्सेना, सीएमओ पवन शर्मा, वर्षा साहू, शनि जैन, नपा अधिकारी कर्मचारी, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

### दुर्घटना से बचने शिवसेना ने सड़क पर बैठे गौवंश को बांधे रेडियम बेल्ट




**सागर, देशबन्धु।** बारिश में मच्छर से बचने के लिये सड़क पर बैठे गौवंश रात्रि में दिखाई नहीं देते और दुर्घटनायें होती हैं जिसको लेकर शिवसेना ने बहेरिया से लेकर सिविल लाइन तक सड़क पर बैठे सभी गोवंशों के गाले में रेडियम बेल्ट बाधे शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि रेडियम की चमक से तेज रफ्तार से आ रहे वाहन चालक दूर से ही सावधान और सतर्क हो जाते है जिसे कुछ हद तक सडक दुर्घटनायें बच जाती हैं। हमारा उद्देश्य की हम अधिक से अधिक गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहना है, ताकि सड़क पर आवागमन कर रहे आम नागरिक सतर्क और सुरक्षित बने रहे रेडियम बेल्ट बांधने में मनोज राय, पंकज दुबे, आशुतोष तिवारी, दीपक लोधी, अजय बुंदेला, मयंक रजक, राहुल, विट्ठल, अमन वैद्य आदि शामिल थे।

### प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रेमचंद की जयंती मनाई गई



**सागर, देशबन्धु।** बड़ा बाजार में बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय सोनी ने की व विशेष अतिथि अनिल जैन थे। शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन सोनू ब्रजपुरिया ने किया। अनिल जैन ने कहा की मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी प्रासंगिक है। उनका साहित्य आज भी गरीब मजदूर वर्ग सर्वहारा को रेखांकित करता है। उन्होंने विशेष रूप से अपने साहित्य में समाज में फैली कुरुतियों एवं आडंबरों को रेखांकित कर उनको दूर करने का प्रयास किया है। इस अवसर पर सुंदर चौरसिया, पप्पू सोनी, विनायक ताम्रकार, अरुण सोनी, गुड्डू चौरसिया आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन सोनू जैन ने माना।

### मुरारीलाल व्यास का निधन



**सागर, देशबन्धु।** मुरारीलाल व्यास का गुरुवार शाम 4 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र कमलेश व्यास, प्रमोद व्यास एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार सुबह 10 बजे निज निवास राधा कृष्ण गार्डन पंतनगर वार्ड से काकागंज मुक्तिधाम पर किया जायेगा।

# नाले में बही गर्भवती का शव 48 घंटे बाद पुल से 5 किमी दूर झाड़ियों में फंसा मिला



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी क्षेत्र में मंगलवार को रामघाट नाले में बही गर्भवती महिला वंदना साहू 22 का शव 48 घंटे बाद गुरुवार सुबह पचासिया गांव के पास झाड़ियों में फंसा मिला। शव पुल से करीब 5 किलोमीटर दूर था। जबलपुर से आई एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम ने शव को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मंगलवार को नागपंचमी के दिन वंदना साहू अपने पति दशरथ साहू और बहन के साथ देवरी के रामघाट मंदिर में पूजा करने गई थीं। पूजा के बाद तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। रामघाट नाले पर बने पुल पर पानी बह रहा था। पुल पार करते समय तेज बहाव में बाइक फिसल गई और वंदना साहू पानी में बह गई। घटना के बाद एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों ने मंगलवार और बुधवार को लगातार सर्चिंग की, लेकिन वंदना का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद जबलपुर से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। बुधवार रात देवरी पहुंची एनडीईआरएफ की टीम ने गुरुवार सुबह से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। वोट और गोताखोरों की मदद से 2 किलोमीटर तक पानी में तलाशी ली गई। इसी दौरान पचासिया गांव के पास झाड़ियों में शव फंसा हुआ मिला। टीम ने तुरंत रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान वंदना साहू के रूप में की। देवरी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते रामघाट पुल पर पानी बह रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। महिला की तलाश लगातार की जा रही थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। एनडीआरएफ की मदद से गुरुवार को शव बरामद कर लिया गया है।

## मालथौन-खिमलासा खुरई मार्ग में दस-दस फीट के गड्ढे, हो रही दुर्घटनाएं




**मालथौन, देशबन्धु।** स्टेट हाइवे मालथौन-खिमलासा, खुरई मार्ग की हालत बदतर है रोड पर दस दस फीट गड्ढे दिखाई दे रहे है। बरसात में सड़क के गड्ढ़ों ने तालाब का रूप ले लिया है। मालथौन से 40 किलोमीटर की दूरी की सड़क में सैकड़ो की संख्या में बड़े-बड़े आकार के गड्ढे उभर आये है जो मुसाफिरों को जानलेवा साबित हो रहै है बरसात में वाहन चालकों को मुसीबतों से कम नहीं है उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं, ये गड्ढ़े वाहनों की टूट फूट के साथ-साथ लोगो की कमर तोड़ रहे हैं। गढ्डों में वाहनों के गिरने से मुसाफिरों की गर्दन और कमर में लचक दे रहे हैं। मुसाफिरों ने बताया कि उक्त मार्ग से बीना, मालथोन, भानगढ़, खिमलासा, खुरई के सभी ग्रामीण मुसाफिरों की रोजना आवाजाही है वह गढ्डों से परेशान है। अगर किसी को खुरई जाना है या सागर जाना है तो यह 5 से 10 फीट के जो गड्ढे हैं उनको पार करते हुये जाना है। जगह-जगह लोग गिर रहे हैं कई लोग बीमारी में वाहन लेकर निकल नहीं पा रहे महिलाओं की डिलेवरी के लिये भी खुरई या सागर रेफर करते है अस्पताल वाले हो या 108 एम्बुलेंस ओर आम वाहन बस, टैक्टर, मोटरसाइकिल से लेकर पैदल तक आवाजाही लोग एक दूसरे पर कीचड़ उछालते हुये निकल रहे है। स्थानीय निवासी तेवरा के ग्रामीणों से बातचीत करने के बाद यह पता चला कि यहा डेली 8 से 10 हादसे हो रहे है दुपहिया वाहन चालकों को गिरते हुये देखते है कई लोग बहुत ज्यादा जख्मी भी हो जाते हैं। गो सेवक हरकिशन सेन खिमलासा ने बताया की खुरई से आते समय उनके ही पहचान के खिमलासा नई बस्ती निवासी राहुल प्रजापति की सामने ही गड्ढे में गिर पड़े वह चोटिल हो गये। मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। हरिकिशन सेन द्वारा विरोध स्वरूप सड़क के गड्ढ़े में पौधरोपण कर जताया।

## वॉशिंग यार्ड में खड़ी मेमू ट्रेन में मिला शव


**बीना, देशबन्धु।** रेलवे के वॉशिंग यार्ड में बुधवार रात एक अधेड़ का शव मिला। सफाई के लिये खड़ी मेमू ट्रेन के एक कोच में यह शव पड़ा था। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की है। वॉशिंग यार्ड में नियमित सफाई कार्य के दौरान कर्मचारियों ने एक कोच में व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा। पास जाकर जांच करने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। कर्मचारियों ने तुरंत जीआरपी को सूचना दी। शव की तलाशी के दौरान मृतक की जेब से बद्री सिंह् नाम का आयुष्मान कार्ड बरामद हुआ है। इस कार्ड के आधार पर पुलिस उसकी पहचान की कोशिश कर रही है। फिलहाल मृतक के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं मिल पाई है। जीआरपी ने शव को ट्रेन से बाहर निकलवाकर शव वाहन चालक वीरेंद्र तिवारी की मदद से बीना के अस्पताल की मॉर्चुरी में भेजा है। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि मृतक की मौत बीमारी के कारण हुई हो सकती है। रेलवे पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान और उसके परिजनों तक पहुंचने के लिए आयुष्मान कार्ड के आधार पर प्रयास किये जा रहे हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिये पोस्टमॉर्टम कराया जायेगा।

## दिनेश कौशल ने पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा का पदभार संभाला



**सागर, देशबन्धु।** दिनेश कौशल ने जिले में पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उनके कार्यक्षेत्र में सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी जिले शामिल रहेंगे। श्री कौशल पूर्व में नगर पुलिस अधीक्षक सागर के पद पर भी पदस्थ रह चुके हैं, जहां उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इससे पहले उन्हें डकैतों के साथ साहसिक मुठभेड़ में अद्वितीय शौर्य का परिचय देने पर राष्ट्रपति वीरता पुलिस पदक से भी नवाजा गया। इसके अतिरिक्त उन्हें अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जैसे केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक, आतंकवाद विरोधी कार्यवाही में सफलता पर मुख्यमंत्री पिस्टल रिवॉर्ड, मप्र का रुस्तम पिस्टल अवॉर्ड अति विशिष्ट सेवा वर्ग में, इनामी बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ने पर राइफल शस्त्र अवॉर्ड तथा अन्य कई राज्य और केंद्र स्तरीय पुलिस सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। श्री कौशल मप्र पुलिस सेवा के ऐसे चंद अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें इतनी संख्या में उच्चस्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुये हैं। वे पूर्व में ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल जैसे प्रमुख जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर सेवायें दे चुके हैं। हाल ही में वे पुलिस अधीक्षक पीटीएस सागर तथा डिप्टी डायरेक्टर, जेएनपीए के पदों पर कार्यरत थे। सागर में एक बार फिर उनकी पदस्थापना पर पुलिस विभाग सहित जिलेभर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। उनके अनुभव और नेतृत्व में विशेष शाखा की कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलने की आशा है।

## तुलसीदास की 528 वीं जयंती पर हुआ विचार संगोष्ठी का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** पं. रविशंकर शुंक्ल विद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास की 528 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम अध्यक्ष संकुल प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी की अगुवाई में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मनाने का प्रमुख उद्देश्य गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और कार्यों को याद करना और उनके सम्मान में उनके द्वारा रचित ग्रंथों के महत्व को समझना रहा। विचार गोष्ठी में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी सेन, रोहणी पटैल, अमृता यादव ने तुलसीदास के दोहों का सस्वर वाचन किया। विद्यालय की शिक्षिका कीर्ति पचौरी, नेहा सोनी, ज्योति गोदरे, डॉ. ख्याति बेलापुरकर तुलसीदास के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अध्यात्मिकता किसी भी धर्म की आत्मा होती है और तुलसीदास अंधकार में एक प्रकाश की किरण बनकर हम सब के जीवन में आये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सरल सहज बनना आवश्यक है तुलसीदास महान संत होते हुये भी सरल सहज बने रहे वह एक मनोवैज्ञानिक, तत्ववेत्ता और एक अभियंता भी थे जिस तरह से उन्होंने अपनी कल्पना में लंका नगरी की सुंदरता और उसकी बनावट का वर्णन किया वह अद्भुत था। हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर का अंश है रामचरित मानस हमे जीवन जीने की कला सिखाती है। दुखों को जीतना, रिश्तों को जीना, त्याग, प्रेम, भाईचारा आदि को अपने जीवन में अमल करके तुलसीदास की लोकमंगल की भावना को चरित्रार्थ करना चाहिये। संचालन डॉ. नाहिद परवीन खान एवं डॉ. शुभा मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा छात्रायें उपस्थित रहीं।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट में सरपंच पर आरोप

### परिजनों ने सर्वोदय चौक पर किया चक्काजाम



**बीना, देशबन्धु।** बारधा गांव के श्रीराम साहू ने गुरुवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। इसमें ग्राम पंचायत सरपंच पप्पू उर्फ रामनरेश राजपूत, मोनू ठाकुर, लल्ला ठाकुर सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाये गये हैं। घटना के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित हो गये। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सर्वोदय चौक पर शव को स्ट्रेचर पर रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चौराहे पर आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे टीआई अनूप यादव ने परिजनों से बातचीत कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिये अस्पताल ले गये। मृतक की बेटी अंजलि साहू ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वह पिता को चाय देने कमरे में गई तो वह वहां नहीं मिले। खोजने पर उन्हें दुपट्टे से फंदा बनाकर लटका हुआ पाया। परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल ले गये। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्रीराम के सुसाइड नोट में लिखा है कि पप्पू वकील ने उनसे 15 साल पहले रुपये लिये थे। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उन्हें धमकाया गया। बुधवार को उनके बेटे के साथ दुकान पर मारपीट हुई थी। आरोप है कि सरपंच और उसके साथियों ने पहले भी मारपीट की थी। साथ ही जातिगत टिप्पणियां भी की थी। मृतक के बेटे लोकेंद्र और सुमित ने बताया कि उन्होंने बुधवार को सरपंच और अन्य के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही नही की। इसी से मानसिक रूप से आहत होकर उनके पिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के पास से मिला सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। टीआई अनूप यादव ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### प्रशासन और सुशासन विषय पर व्याख्यान आज

**सागर, देशबन्धु।** तुलसी स्मृति न्यास द्वारा स्व. ठाकुर विश्वनाथ सिंह स्मृति मे आज व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यान का विषय प्रशासन एवं सुशासन है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आनंद शर्मा आईएएस होंगे तथा अध्यक्षता रघु ठाकुर समाजवादी विचारक करेंगे। इस अवसर पर संस्था द्वारा सागर के सामाजिक सरोकारों से जुड़े उन परिवारों का सम्मान किया जायेगा। जिन्होंने अपने परिजन की देहदान और नेत्रदान जैसे उल्लेखनीय समाज उपयोगी कार्य द्वारा प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही सागर के उन साहित्यिक व्यक्तियों को जिन्होंने निरंतर कार्य करते हुये साहित्य में योगदान किया है। कार्यक्रम आज 12 बजे होटल क्राउन पैलेस मकरोनिया पर आयोजित किया गया है।

## साहित्यकार अपने देश की अनुभूति, आंख, कान और ह्रदय होता है: प्रो. सरोज गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हिंदी विभाग द्वारा प्रसिद्ध कथाकार मुंशी प्रेमचंद और महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुये प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि साहित्यकार अपने देश की अनुभूति, आंख, कान और ह्रदय होता है मुंशी प्रेमचन्द ने लिखा है हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिंतन का सार हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो। सृजन की आत्मा हो जीवन की सच्चाईयों का प्रकाश हो। जो हममें गति संघर्ष और बैचेनी पैदा करे। संचालन करते हुये डॉ. राना कुंजर सिंह ने महाकवि तुलसीदास के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा मुंशी प्रेमचंद की कठिन जीवन यात्रा उनकी साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना मिश्रा ने सभी उपस्थित जनों का अभिनंदन करते हुये मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास के हिंदी जगत में दिये गये योगदान पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अपने उपन्यास गोदान, गबन, निर्मला से उस समय की कुरीतियों जैसे बाल विवाह, बेमेल विवाह, दिखावे की संस्कृति लोभ लालच जैसी मनोवृतियों का बड़ी कुशलता से चित्रण किया है। स्वामी विवेकानंद कैरियर योजना प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. प्रतिभा जैन ने प्रकोष्ठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बताया कि इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य बच्चों में अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के भाव विकसित करना है। इन आयोजनों से हम अपने महापुरुषों की योग्यता और प्रतिभा को जान पाते हैं तथा उनसे प्रेरित हो सकते हैं। कार्यक्रम में रचना पाठ एवं दोहा पाठ में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमें से विकिता तिवारी, रामायण नामदेव, अंकुर भारती, रामाशीष यादव और शोधार्थी आदित्य प्रताप, वैशाली रजक आदि विद्यार्थियों ने मुंशी प्रेमचंद और तुलसीदास के जीवन चरित और साहित्यिक कृतियों के अंशों का पाठ और चर्चा की। उमा ठाकुर ने रामचरितमानस की विभिन्न चौपाइयों का अर्थ सहित वाचन किया। शोधार्थी रूपल दुबे ने रामचरितमानस की विभिन्न चौपाइयों का संदर्भ देते हुये पश्चिमी सांस्कृतिक मूल्यों को त्यागने का संदेश दिया। आयुषी रैकवार ने तुलसीदास के विभिन्न दोहों द्वारा भक्ति काल में उनके द्वारा विभिन्न संप्रदायों में एकता स्थापना के प्रयासों की चर्चा की। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जुड़े चंदन कुमार ने फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली विभिन्न स्कॉलरशिप के बारे में बताया। फाउंडेशन द्वारा प्रेमचन्द साहित्य के पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। अंत में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों को लेकर बैठक संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह तथा डॉ. निवेदिता मिश्रा जिले के प्रवास के दौरान बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन एवं निराकरण के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक में शामिल हुईं। बैठक में दोनों सदस्यों द्वारा जिले में बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रतिवेदन मांगा गया। साथ ही जिले में स्कूल से ड्रॉपआउट, बाल भिक्षावृत्ति, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य विभाग किये जा रहे हेल्थ चेकअप सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भरत सिंह राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, गिरीश मिश्रा सहित पुलिस विभाग, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, बाल कल्याण समिति के समस्त सदस्य, स्कूल शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामायण की चौपाइयों का उच्चारण करते किया रुद्री का निर्माण



**सागर, देशबन्धु।** बैंक कॉलोनी तिली रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने रुद्री बनाते हुये रामचरित मानस की चौपाइयों का गान किया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रात: 8 बजे से रुद्री निर्माण हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने रामायण की प्रचलित चौपाइयों का एक साथ उच्चारण किया। 11.30 बजे से 1.30 बजे तक पूजन अभिषेक संपन्न हुआ। शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक में एम के चौबे, हरिनारायण तिवारी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, अशोक मिश्रा, जयप्रकाश रावत, आरपी मिश्रा, आर के भट्ट, सीता व्यास, नत्थीबाई यादव, सुहागरानी साहू, शारदा दुबे, सीमा तिवारी, मनीषा गांधी, राधा दुबे, सीमा शर्मा, अर्चना खरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सवा सौ किलो वजन के साथ कांवड़ लेकर बांदकपुर की पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु



**गौरझामर, देशबन्धु।** सावन मास में भोलेनाथ के भक्तों ने शिवलिंग, जिलहरी, नर्मदा जल व अन्य सामग्री से सजी कांवड़ लेकर हरसिद्धि माता मंदिर रानगिर से बादकपुर तक पैदल यात्रा की। आस्था और श्रद्धा से भरी ये यात्रा सवा सौ किलो वजन के साथ कावड़ लेकर सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव के भक्तों ने भक्ति और साहस की अनूठी मिसाल पेश की। करेली के समीप ग्राम इमझिरी खुलरी के 25 श्रद्धालुओं द्वारा हरसिद्धि माता मंदिर रानगिर होते हुये बादकपुर तक पैदल यात्रा पर निकले। श्रद्धालुओं ने बताया इस यात्रा की विशेषता यह रही कि कुछ भक्तों ने शिवलिंग, जिलेरी नर्मदा जल व भोलेनाथ के श्रृंगार की अन्य सामग्री सहित सवा सौ किलो तक वजन की कांवड़ अपने कंधों पर भोलेनाथ के जयकारे लगाये गये मस्ती में चलते हुये आगे की यात्रा में भक्त नाचते-गाते, जयकारे लगाते हुये पूरे मार्ग में उत्साह से भरे हुये आगे बढ़ रहे हैं। भक्तों ने मां नर्मदा से जल भरकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने का संकल्प लिया। यह यात्रा उनके लिये आत्मिक शांति, पुण्य और शक्ति का स्त्रोत बनी हुई है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली*
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।